www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

मौसम
अधिकतम - 32°c
न्यूनतम - 26°c

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

31 अगस्त 2022
हरदा, बुधवार
वर्ष-12, अंक- 85, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
भादो शुक्ल पक्ष 4
विक्रम संवत् 2079



## आज विराजेंगे श्रीगणेश

### अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना जरूरी

**अनोखा तीर, भोपाल ।** कोरोना की वजह से पिछले दो साल से गणेशोत्सव फीका रहा। वर्ष 2020 में पंडाल नहीं सजे थे और न ही कोई सार्वजनिक आयोजन हुए थे। लोगों ने घरों में ही मूर्तियों का विसर्जन किया था। साल 2021 में भी पंडाल तो सजे, लेकिन कई प्रतिबंध लागू रहे थे। इस बार कोरोना का संक्रमण कम है। इसलिए रोक-टोक को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं की है।आज से प्रथम पूज्य श्रीगणेश से प्रदेशभर के पंडालों में विराजेंगे। इन पंडालों में अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना जरूरी है, वरना गणेशोत्सव समितियों को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। बारिश के मद्देनजर पंडाल में वायर भी ठीक हो। दूसरी ओर, पंडाल ऐसी जगह पर न बने जहां ट्रैफिक जाम होता हो। इधर, बुधवार 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### पिछली बार ये थी गाइडलाइन, इस बार नहीं

- प्रतिमाओं की ऊंचाई 6 फीट से कम रहेगी।
- सार्वजनिक रूप से पंडाल लगाने की सशर्त छूट दी गई थी।
- डीजे आदि के बजाने की अनुमति नहीं थी।
- धार्मिक जुलूस पर प्रतिबंध लगाया गया था।

न्यूज ट्रेक

## अखंड सुहाग के लिए रखा निर्जला व्रत

### फुलेरा बनाकर किया शिव-पार्वती का पूजन

**अनोखा तीर, हरदा।** हरतालिका तीज के अवसर पर महिलाओं ने अखंड सुहाग के लिए निर्जला व्रत रखा और भगवान शिव व माता पार्वती का विधि विधान से पूजन किया। उपवास रखने वाली महिलाओं व युवतियों ने अपने-अपने घरों और मंदिरों में जाकर पूजा कर अपने जीवन साथी की लंबी उम्र की प्रार्थना की। मालूम हो कि सुहाग की रक्षा करने वाला यह व्रत



विवाहित स्त्रियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। जिसमें महिलाएं बिना पानी के भूखी-प्यासी रहकर अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं कुवांरी लड़कियां अच्छे जीवन साथी पाने की कामना को लेकर हरतालिका तीज का त्योहार मनाती हैं, जिससे उनको भी मां पार्वती की तरह ही उनका मनचाहा वर प्राप्त हो। महिलाओं ने नया परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार कर घर व मंदिरों में शिव-पार्वती की पूजन-अर्चन करते हुए पति के दीर्घायु के लिए भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पर सुहागिन महिलाएं इकट्ठा होकर व्रत कथा का श्रवण भी किया। स्थानीय सार्वजनिक दुर्गा मंदिर कुलहरदा में महिलाओं द्वारा व्रत करने के लिए फुलेरा एवं आकर्षक साज सज्जा नारायण राठौर, दीपक मालवीय और दुर्गा समिति के सदस्यों द्वारा की गई।

## 9 साल की बच्ची से दुष्कृत्य व हत्या, आरोपी को जिंदा फांसी पर चढ़ाने की सजा सुनाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम प्राची पटेल द्वारा निर्णय पारित करते हुए धारा 302 भादवि में मृत्युदण्ड एवं धारा 363, 366, 377 भादवि में सात-सात वर्ष का कारावास एवं 2000-2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। छैगांवमाखन के ग्राम लंगोटी में 2013 में घटित बलात्कार व हत्या के मामले में यह सजा अभियुक्त अनोखीलाल पिता सीताराम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम डाभिया को सुनाई गई है। अब अनोखी 31 साल का है। लगभग 10 साल बाद यह बड़ा फैसला आया है, जिसमें फिल्मों जैसे कई पड़ाव आए। न्यायालय में न्याय



की जीत हुई। यह जानना जरूरी है कि, तत्कालीन सत्र न्यायालय एवं विशेष न्यायालय अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 जगदीश बाहेती के द्वारा 4 मार्च 2013 को अभियुक्त अनोखीलाल पिता सीताराम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम डाभिया को सात वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया था। इसकी पुष्टि उच्च न्यायालय द्वारा की गई। अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आरोपी ने उच्चतम न्यायालय ने अपील प्रस्तावित की। उच्चतम न्यायालय द्वारा इस निर्देश के साथ कि क्या विचारण न्यायालय द्वारा विरचित आरोप में संशोधन की आवश्यकता है? क्या अभियोजन साक्षी को पुन: प्रतिपरीक्षण हेतु आहूत किए जाने की आवश्यकता है? एवं क्या एफएसएल रिपोर्ट एंव डीएनए रिपोर्ट के प्रतिउत्तर हेतु किसी विशेषज्ञ साक्षी को प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है, नए सिरे से विचारण पूर्ण किया जाए। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी मोहम्मद जाहिद खान एडीपीओ ने बताया कि मामले के अनुसार अनोखीलाल बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। बाद में बालिका का शव ग्राम सुरगांव जोशी स्थित रघुनाथ के खेत की मेढ़ पर पड़ा मिला था। शव परीक्षण में चिकित्सक द्वारा बलात्कार किये जाने की पुष्टि की गई बाद में डीएनए करवाए जाने पर बालिका के साथ आरोपी अनोखीलाल द्वारा बलात्कार किये जाने की पुष्टि हुई थी। वर्तमान में आरोपी की आयु लगभग 31 वर्ष है। आरोपी के प्रति दयापूर्वक विचार किया जाना उचित नहीं होगा।न्यायालय द्वारा मामले को विरल से विरलतम श्रेणी का माना जाकर आरोपी की पूर्व दोषसिद्धि को देखते हुए मात्र आजीवन कारावास का दण्ड दिया जाना पर्याप्त नहीं माना गया और मृत्युदण्ड दिया जाना आवश्यक माना गया।

## भोपाल में कुछ देर हुई तेज बारिश

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्यप्रदेश में तेज बारिश पर तो ब्रेक लग गया है, लेकिन अब भी रिमझिम से प्रदेश तरबतर हो रहा है। भोपाल समेत कुछ इलाकों में सोमवार दोपहर तेज बारिश हुई। अब तक बुंदेलखंड-बघेलखंड और जबलपुर में बारिश करा रहे बादल मंगलवार को भोपाल, मालवा-निमाड़ की तरफ शिफ्ट हो जाएंगे। इंदौर, उज्जैन, गुना, समेत मालवा-निमाड़ के कई जगह दोपहर से शाम तक रिमझिम बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में 2 सितंबर तक बारिश की संभावना कम है। सीजन में पहली बार है, जबकि प्रदेश में कहीं भी बारिश होने का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। हालांकि कहीं-कहीं गरज-चमक की संभावना है।

शिवराज कैबिनेट का फैसला

## प्रदेश में खुलेंगी 7 निजी यूनिवर्सिटी

- खाद्य विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती को भी मंजूरी
- मध्यप्रदेश योग आयोग के गठन का अनुसमर्थन
- खनिज समाधान योजना को मंजूरी



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने राज्य के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ जीवन शैली एवं निरोग जीवन जीने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश योग आयोग के गठन का अनुसमर्थन किया। आयोग अपनी गतिविधियों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से करेगा।

मध्यप्रदेश योग आयोग का प्रशासकीय विभाग स्कूल शिक्षा विभाग होगा। आयोग में राज्य शासन द्वारा मनोनीत योग के क्षेत्र में कार्यरत एवं अति विशिष्ट योगदान देने वाले अशासकीय व्यक्ति अध्यक्ष रहेंगे। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष (पदेन) योग आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में रहेंगे। राज्य शासन द्वारा मनोनीत योग के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले 5 व्यक्ति अशासकीय सदस्य के रूप में रहेंगे। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्था के निदेशक पदेन सचिव के रूप में कार्य करेंगे। मप्र में 7 नए विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में इन विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी गई है। मप्र निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2022 के जरिए यह मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही थॉमस कप में अपना जौहर दिखाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का भी फैसला हुआ है। मप्र में योग आयोग का गठन करने को भी मंजूरी दी गई है। माइनिंग राजस्व की बकाया राशि पर ब्याज माफ करने पर सहमति मिली है। बकायेदारों को बकाया राशि जमा करने के बाद दोबारा खदान चलाने की परमिशन मिल सकेगी। खाद्य विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती को भी मंजूरी देने के साथ ही पुराने हेलीकॉप्टर के पार्ट्स को बेचने की सहमति कैबिनेट ने दी है।

### इन 7 यूनिवर्सिटी को मंजूरी

- प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर
- टाइम्स यूनिवर्सिटी भोपाल
- डॉ. प्रीति ग्लोबल यूनिवर्सिटी शिवपुरी
- एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंदौर
- अमलतास यूनिवर्सिटी देवास
- आर्यावर्त यूनिवर्सिटी सीहोर
- विक्रांत विश्वविद्यालय ग्वालियर

### पीएम मोदी के जन्मदिन से चलेगा अभियान

मप्र में संचालित केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अब तक छूटे पात्र हितग्राहियों को खोजने के लिए अभियान चलाया जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मीटिंग के पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी मंत्रियों और जिलों के अफसरों को इस संबंध में निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक हितग्राही मूलक योजनाओं में संतृप्तिकरण का एक विशेष प्रदेश स्तरीय अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को शामिल किया जाएगा।

### दो चरणों में चलेगा अभियान

- **पहला चरण** - 17 सितंबर से 5 अक्टूबर 2022 : ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर हितग्राही मूलक योजना के पात्रों का चयन होगा। शिविर में ही उन्हें लाभ दिया जाएगा।
- **दूसरा चरण** - 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 : ग्राम पंचायत और वार्ड में उसी स्थान पर एक बार फिर शिविर लगाएंगे।

## सीएम शिवराज ने पीड़ितों को बांटी राहत

- विदिशा जिले के 14 हजार प्रभावितों के खातों में ट्रांसफर किए 11.3 करोड़ रुपए




**अनोखा तीर, भोपाल ।** मप्र में बीते दिनों आई बाढ़ से प्रदेश के हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मकान, दुकान से लेकर जानवरों और फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा जिले के 14 हजार 419 बाढ़ प्रभावितों को राहत दी। उन्होंने 11 करोड़ 3 लाख 15 हजार रुपए की राशि बाढ़ प्रभावितों के खातों में ट्रांसफर की। वर्चुअल बैठक में सीएम शिवराज ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स से कहा - बाढ़ के कारण कई जगह मकानों, फसलों, घरेलू सामान को नुकसान हुआ है। आपदा में हमने इंसानों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन फसलों, मकान और सामान का नुकसान हुआ है। सरकार जनता के साथ खड़ी है। प्रभावित जिलों में प्रभारी मंत्री विजिट करें। कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे में छूटना नहीं चाहिए। क्षति का आंकलन करने के लिए संयुक्त दलों का गठन किया जाए। राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, पंचायत विभाग का संयुक्त दल बनाकर क्षति का आंकलन करें। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर सर्वे करें, जिनका नुकसान हुआ है, उनकी लिस्ट पंचायत भवन और नगरों में सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाए।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 13 बाईक जब्त

### बुधनी पुलिस आरोपी को लेकर पहुंची खिरकिया



**अनोखा तीर, खिरकिया।**

सोमवार देर रात को बुधनी से आई एक पुलिस टीम ने खिरकिया शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल से करीब 13 चोरी की मोटरसाइकिल जब्त की। मिली जानकारी के अनुसार छीपाबड़ खेड़े निवासी युवक शहाबुद्दीन खान उम्र 25 वर्ष को बुधनी पुलिस ने बीते दिनों हिरासत में लिया था। जिससे पूछताछ करने पर एक बड़े वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ। सोमवार रात को शाहबुद्दीन को लेकर बुधनी पुलिस खिरकिया पहुंची, तो शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल से बेहद महंगी कीमत वाली 13 मोटरसाइकिल जप्त की गई। छिपाबड़ पुलिस के सहयोग से की गई इस कार्रवाई में अलग-अलग व्यक्तियों से शहाबुद्दीन द्वारा बेची गई 13 मोटरसाइकिल जब्त की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी लंबे समय से बुधनी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करके हरदा जिले में बेच रहा था। आरोपी शहाबुद्दीन लोडिंग वाहनों की चोरी में भी शामिल है। शहाबुद्दीन की निशानदेही पर मोटरसाइकिलों साथ-साथ उसके साथियों की खोजबीन भी जारी है। छिपाबड़ पुलिस ने बताया कि कि करीब 4 लोगों को बुधनी पुलिस अपने साथ लेकर गई है।



**आरोपी का है ट्राली बनाने का कारखाना** - वाहन चोरी के मुख्य आरोपी शहाबुद्दीन का छीपाबड़ में मुख्य मार्ग पर ट्रॉली बनाने का एक बड़ा कारखाना है। मंगलवार को शहाबुद्दीन की गिरफ्तारी के बाद भी उसकी दुकान खुली रही और वहां पर काम चलता रहा। इसी दुकान पर चार पहिया वाहनों को अलग-अलग हिस्सों में काटकर बेचा जाता था, इस बात की भी चर्चा जारी रही। शहाबुद्दीन के भाई बब्बू ने बताया कि उसके भाई को दो-तीन दिन पहले पुलिस पकड़ कर लेकर गई थी। मंगलवार को छीपाबड़ थाने का परिसर चोरी की मोटरसाइकिलों से भर गया। अत्याधुनिक बुलेट मोटरसाइकिल से लेकर तमाम महंगी मोटरसाइकिले और उनके नए-नए मॉडल की बाइक चोरी की जब्ती में मिली। शहाबुद्दीन स्थानी कुछ लोगों की मदद से एक बहुत बड़ा मोटरसाइकिल और वाहन चोरी का सिंडिकेट चलाता है।

### इनका कहना है...

बुधनी क्षेत्र के आसपास से आरोपी बाईक चोरी कर हरदा जिले में बेचते थे। मंगलवार को आरोपी को लेकर हरदा गए थे, जहां खिरकिया समेत अन्य जगह से करीब 13 मोटरसाइकिल जप्त की हैं। शाहबुद्दीन के कुछ साथियों को भी हिरासत में लिया है। मामले में जांच पड़ताल जारी है। मामले में संपूर्ण खुलासा जल्द ही किया जाएगा।

**विकास खिची**
**टीआई, थाना बुधनी**

बुधनी पुलिस के द्वारा खिरकिया सहित आसपास के क्षेत्र से गाड़ियां पकड़ी गई है, बुधनी पुलिस के द्वारा गाड़ियों की रिकबरी कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**संदीप जाट, प्रभारी टीआई, थाना छीपाबड़**

## 500 रुपए की रिश्वत लेने पर 4 वर्ष की सजा

न्यायालय प्रथम अपर सत्र विशेष भ.निवा. अधिनियम न्यायालय मण्डलेश्वर द्वारा अपराध क्रमांक 220/2015 धारा 7, 13 (1) डी, 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में आरोपी राजेन्द्र लखोरिया सहायक ग्रेड-3 नकल शाखा कलेक्टर कार्यालय जिला खरगोन को 500 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में 4 वर्ष के लिए दंडित किया गया। कारावास एवं 7 हजार 500 रुपए का अर्थदंड किया।

**मनीष मडाहर, खरगोन।**

कार्यालय सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, मण्डलेश्वर जिला खरगोन के सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रकाश सोलंकी ने बताया कि 28 मई 2015 को आवेदक अजय गुप्ता निवासी 52/4 धनवंतरी मार्ग ग्राउण्ड होटल के पीछे फ्रीगंज उज्जैन ने पुलिस अधीक्षक विपुस्था लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को एक लिखित आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि आवेदक ने भू अभिलेख खरगोन के प्रकरण क्रमांक 151/2012-13 एवं 87/अ-02/14-15 जो डायवर्सन से संबंधित है। इसकी संपूर्ण प्रकरण की नकले प्राप्त करने हेतु जमा राशि के अतिरिक्त 500 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक महादेव विपुस्था लोकायुक्त द्वारा निरीक्षक आशा सेजकर को जांच कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया। जिस पर निरीक्षक आशा सेजकर द्वारा आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। अतः समस्त विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय प्रथम अपर सत्र विशेष भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय मण्डलेश्वर जिला खरगोन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण के विचारण उपरांत माननीय प्रथम अपर सत्र विशेष भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय मण्डलेश्वर द्वारा अपराध क्रमांक 220/2015 धारा 7 अ. निवा, अधिनयम में 3 वर्ष का कारावास एवं धारा 13 (1) डी सहपठित धारा 13(2) अनिवा अधिनयम में 4 वर्ष का कारावास कुल 7 हजार 500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक प्रकाश सोलंकी ने पैरवी की।

## न्यूज ट्रेक

### पंचायत स्तर पर हल होंगी ग्रामीणों की समस्याएं

**अनोखा तीर, करताना।** ग्रामीणों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। चूंकि अब ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत में ही सप्ताह के हर सोमवार और मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सोमवार-



मंगलवार को ग्राम पंचायत नौसर पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में 27 आवेदन आए। जिनमें ग्रामीणों ने खाद्यान्न पर्ची, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य समस्या संबंधित आवेदन दिए। ग्राम पंचायत में तहसीलदार ऋतु भार्गव ने जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उन्हें तत्काल हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सरपंच जगदीश चावरे, सचिव पुलकित तिवारी, रोजगार सहायक, विनोद मांझी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### सप्ताह में दो दिन आयोजित होगी जनसुनवाई

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** जिले के बाद जनपद और अब ग्राम पंचायत में हर सोमवार-मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा



और जिन शिकायतों का निराकरण नहीं होगा तो वह संबंधित विभाग को भेजी जाएंगी। मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में आयोजित जन सुनवाई के दौरान एक-दो शिकायतें आई। इस अवसर पर पटवारी विकास जोशी, सचिव रामपाल सोलंकी, सहायक सचिव सुमित चौधरी, आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिपं उपाध्यक्ष ने शासकीय शाला का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, मसनगांव।** जिला पंचायत के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोत ने ग्राम की हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। जहां पर शिक्षकों ने उन्हें स्कूल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश मुकाती, बसंत नामदेव, दीपेश भायरे, सरपंच रमेश शर्मा उपस्थित थे। शिक्षकों ने शाला में बाउंड्रीवाल की मांग



रखी। वहीं चार अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए कहा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने के पश्चात गहलोत का यह ग्राम में दूसरा दौरा था, जहां उन्होंने स्कूल से संबंधित जानकारी ली। ग्राम की हायर सेकेंडरी स्कूल में 340 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं लेकिन सुविधाओं का अभाव होने से विद्यार्थियों को दिक्कत आती हैं, यहां पर इनवर्टर की व्यवस्था भी नहीं है। जिससे बिजली जाने पर विद्यार्थी गर्मी में परेशान होते हैं। शिक्षकों ने शाला में इनवर्टर बैटरी एवं प्रोजेक्टर की मांग रखी। शाला के शिक्षक एसआर माणिक ने बताया कि शासन द्वारा प्रोजेक्टर के लिए राशि दी गई है, इसके लिए विशेष कक्ष बनाया जाएगा जहां पर विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा। 1 सप्ताह के भीतर शाला में प्रोजेक्टर लगाया जाएगा। साथ ही शाला में प्रवेश द्वार बनाने के की भी मांग की।

### चार माह बाद शौचालय में लगे दरवाजे

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम के मुक्तिधाम में बने सुलभ शौचालय में पंचायत के द्वारा दरवाजे लगाए गए। विगत 4 माह से तैयार खड़ा हुआ भवन शोपीस बनकर रह गया था। दरवाजे न होने कारण ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे थे। जिसे लेकर अनोखा तीर में समाचार प्रकाशित किया गया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ऋषि गर्ग ने अधिकारियों को दरवाजे लगाकर शौचालय का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसके




पश्चात जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा पंचायत को शीघ्र दरवाजा लगाने के आदेश दिए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच द्वारा सुलभ कांप्लेक्स में दरवाजे लगाने का कार्य पूर्ण कराया गया। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम को स्वच्छ रखने के लिए ग्राम में दो जगह शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन मुक्तिधाम में बने शौचालय में दरवाजे नहीं लगने के कारण अनुपयोगी साबित हो रहा था। वहीं पानी का इंतजाम न होने से सुलभ कांप्लेक्स शोपीस बनकर रह गए थे।

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**अनोखा तीर, सिराली।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम विक्रमपुर कला में बाबा रामदेव का भंडारा एवं राम सप्ताह का आयोजन किया गया। मालूम हो कि प्रतिवर्ष ग्राम से रामदेवरा के लिए भक्तगण पैदल रवाना होते हैं और वापस आने के पश्चात ग्राम के राम मंदिर में रामसत्ता का आयोजन किया जाता है।

## आज शुभ मुहुर्त में घर-घर विराजेंगे गणराज

**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

बुधवार से दस दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत की जाएगी। इस दौरान शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। उत्सव को लेकर आयोजन समितियों द्वारा तैचारियों की जा रही हैं। मंगलवार को दिनभर आयोजन समितियों द्वारा पंडाल सजाए गए। जहां मिट्टी और पीओपी की प्रतिमाएं विराजमान की जाएंगी। बाजार में भी मिटटी और पीओपी से बनी मूर्तियां आ गई हैं।



# मतदाता अपने वोटर आईडी को आधार से लिंक कराएं

**अनोखा तीर, हरदा।**

कलेक्टर ऋषि गर्ग ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर स्वयं को उसमें पंजीकृत करें एवं अपने तथा परिवार के सदस्यों के आधार नंबर लिंक करें तथा स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन में अपना योगदान दें। आधार लिंक होने से डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान एवं मतदान के समय मतदाताओं की पहचान में सुविधा होगी। कलेक्टर श्री गर्ग ने कहा कि मैंने स्वयं भी अपना वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करा लिया है। कलेक्टर श्री गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के वोटर आईडी को आधार नंबर से लिंक कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए वोटर हेल्प लाइन, गरुड़ एप्प जारी किया गया हैं। वेब पोर्टल एनवीएसपी से स्वयं अथवा अपने बीएलओ के मदद से भी मतदाता वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड लिंक कर सकते हैं। उन्होंने जिले के मतदाताओं से जल्द से जल्द अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की अपील की है। मतदाता गूगल प्ले स्टोर से एप डाउन लोड कर सकते है।

### एप के माध्यम से

एप के माध्यम से आधार व वोटर आईडी लिंक करने के लिए सबसे पहले वोटर हेल्पलाइन एप के होमपेज पर वोटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। यहां पर इलेक्टोरल अथेंटिकेशन फार्म 6 बी पर क्लिक करें। यहां पर मोबाइल नंबर दर्ज करें और सेंड ओटीपी पर क्लिक करें और वेरिफाय करें। यहां यस हेव वोटर आईडी नम्बर पर कन्फर्म करें। अब वोटर कार्ड नम्बर दर्ज करें। अब नया पेज ओपन होगा जहां पर आपकी पूरी जानकारी दिखेगी, उसके बाद नेक्स्ट पर क्लिक करें। यहां पर आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, इमेल आईडी और प्लेस दर्ज करें फिर डन पर क्लिक करें। अब आपके सामने प्रिव्यूह पेज में सभी जानकारी कन्फर्म करें। अंत में आपको रिफ्रेस नम्बर प्राप्त होगा जिसको कहीं नोट करके रख लें।

### बूथ पर जाकर

अपने आधार कार्ड-वोटर आईडी के साथ नजदीकी बूथ लेवल के ऑफिस से संपर्क करें और लिंकिंग का आवेदन भरे। आवेदन पत्र भरें और बूथ लेवल के अधिकारी या बीएलओ के पास में जमा कर दें। फार्म में भरी गई सारी जानकारी को वेरिफाई कर बूथ ऑफिसर एडिशनल वेरिफिकेशन के लिए आपके लोकेशन पर आएगा। एक बार वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद आधार और वोटर आईडी को लिंक करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व की शुरुआत आज से

**अनोखा तीर, खिरकिया।**

दिगंबर जैन समाज का दस दिनी पर्युषण पर्व 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस अवसर कॉलेज रोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह श्रीजी की प्रतिमा का अभिषेक, शांतिधारा, सामुहिक पूजन होगा। वहीं शाम को सामुहिक प्रतिक्रमण होगा। इसके साथ ही उत्तम क्षमा से लेकर उत्तम ब्रह्मचर्य तक दस लक्षणों पर अलग-अलग दिन अभिषेक जिम्मी भैया शास्त्र वाचन करेंगे। इसके बाद 11 सितंबर को समाजजन की सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि पर्युषण पर्व महावीर स्वामी के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो की राह पर चलना सिखाता है। पर्व की शुरुआत भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बुधवार से होगी। इस दौरान धूप दशमी 5 सितंबर को मनाई जाएगी। 4 सितंबर को अष्टमी व नवमी एक दिन होगी। पहले दिन उत्तम क्षमा, दूसरे दिन उत्तम मार्दव, तीसरे दिन उत्तम आर्जव, चौथे उत्तम सत्य, पांचवें दिन उत्तम शौच, छठे दिन संयम, सातवें दिन उत्तम तप, आठवें दिन उत्तम त्याग, नौवें दिन उत्तम आंकिचन और दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य पर शास्त्र वाचन होंगे।

### गोमगांव में स्वरोजगार जागरुकता शिविर आज

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा द्वारा 31 अगस्त बुधवार को ग्राम गोमगांव में स्वरोजगार योजना के तहत मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र केआर उइके ने बताया कि यह शिविर 31 अगस्त को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक ग्राम पंचायत भवन गोमगांव में आयोजित होगा। शिविर में विभाग द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक शिविर में 8 वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, कोटेशन, पेन कार्ड, आधार कार्ड, किराया नामा, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी, फोटो, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, परियोजना प्रतिवेदन, ग्राम जनसंख्या प्रमाण-पत्र, बिजली बिल, शपथ पत्र की ओरिजनल एवं फोटो कॉपी लेकर शिविर में सम्मिलित हो ताकि योजनार्न्तगत ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन किया जा सके।

### अभाविप ने चलाया सदस्यता अभियान



**अनोखा तीर, रहटगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। नगर इकाई टिमरनी के सह-मंत्री मयूर बोरसे ने बताया रहटगांव की स्कूल में बच्चों को अभाविप के बारे में विस्तार से बताया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया। यह अभियान पूरे मध्य भारत में चलाया जा रहा है। इस दौरान वेदांश राठौर, पकंज सोनपुरे, सूधन मानकर, कपिल गौर, अजय गौर, ऋषभ गीते, अंकित पटवारे, ऋषभ राजपूत उपस्थिति थे।

### जनसुनवाई में आए 12 आवेदन



**अनोखा तीर, रहटगांव।** करीबी ग्राम पंचायत नजरपुरा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच श्रीमती आशा किरार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर शीघ्र ही उनके निराकरण के आदेश दिए। जन सुनवाई में पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। श्रीमती किरार ने बताया कि जनसुनवाई में 12 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पेंशन, आवास योजना सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। श्रीमती किरार ने ग्रामीणों से आयुषमान कार्ड पंचायत में आकर बनवाने की अपील की।

## एसडीएम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

### ● ओपीडी सहित सभी कक्ष बंद पड़े मिले, चिकित्सक अनुपस्थित

**अनोखा तीर, खिरकिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम महेश कुमार बन्महा, विधायक प्रतिनिधि सुधीर सोनी, मंडल अध्यक्ष संतोष कलम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक अनुपस्थित मिले इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इसकी जानकारी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दी है। इसकी जानकारी होते ही चिकित्सा के स्टाफ में खलबली मच गई। मंगलवार को एसडीएम ने कार्यों के प्रति सजगता देखने के लिए अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां पर जनरल वार्ड सहित पैथोलॉजी, चिकित्सक, पंजीयन कक्ष, आयुष्मान कार्ड को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने मौखिक रूप से दो बार अजय भदोरिया कि दोनों किडनी खराब होने पर उसका आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे, परंतु अभी तक नहीं बनाया, जिसको लेकर एसडीएम श्री बन्महा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पहुंचे। जिससे उसका 5 लाख का तक उपचार हो सके। डॉक्टर के चेंबर में ओपीडी सहित सभी बंद पड़े मिले, वहीं डॉक्टर अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई करने की



हिदायत दी। साथ साथ डीएम को पत्र जारी कर कौन से डॉक्टर की ड्यूटी कहां लगी है, कौन कहां बैठा है ब्लैक बोर्ड पर लिखा जाए और मुख्य चिकित्सक को भी अनुपस्थित डॉक्टरों को तत्काल ड्यूटी पर रहकर इलाज करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को भगवान का रूप माना जाता है। मरीज भटक रहे हैं और डॉक्टर मौजूद नहीं है। सभी डॉक्टर समय से आकर मरीजों की समस्याओं को देखें, निर्धारित समय तक कहीं भी बाहर नहीं रहेंगे। मरीजों को हर तरह से स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ मिलना चाहिए। सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनता को गुणवत्ता के साथ मिले, किसी भी दशा में मरीजों को बाहर की दवा ना लिखी जाए दवा जन अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुधीर सोनी, मंडल अध्यक्ष संतोष कलम मौके पर मौजूद थे।

## पिछले 24 घंटों में हुई जिले में 18 मि.मी. औसत वर्षा

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 18 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 10.7 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 43.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1232.9 मि.मी., टिमरनी में 1516.4 मि.मी., खिरकिया में 1047 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस तरह इस वर्ष अब तक जिले में 1265.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 अगस्त तक 571.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। गत वर्ष 30 अगस्त तक हरदा तहसील में 614.3 मि.मी., टिमरनी में 605.4 मि.मी., खिरकिया में 494.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

## विधायक शाह ने कलेक्टर से की मुलाकात

**अनोखा तीर, रहटगांव।** मंगलवार को टिमरनी विधायक संजय शाह, विधायक प्रतिनिधि हरिओम पटेल सहित जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर ऋषि गर्ग से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक श्री शाह ने बताया कि रहटगांव तहसील क्षेत्र के ग्रामवासियों को अभी तक खाद यूरिया, डीएपी आदि नहीं मिल पाया है। साथ ही एमपी एग्रो द्वारा हरदा से वितरण किया जा रहा है, किंतु एमपी एग्रो वाले दोपहर 3 बजे बाद वितरण




करना बंद कर देते हैं। जिसके कारण लगभग 70 से 80 किलोमीटर से आने वाले वनांचल के किसानों को खाली हाथ जाना पड़ता है। इसके साथ ही विधायक श्री शाह ने फसल बीमा एवं यूरिया की समस्या से भी अवगत कराया। इस दौरान भाजपा नेता संतोष माल्वया, रामकृष्ण रायखेरे, कासरनी सरपंच रामसिंह झिल्ले, बालकृष्ण अग्रवाल, विजयसिंह पंवार, मंगलसिंह मौजूद थे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला हरदा (म.प्र.)**

क्रमांक 13541/जनसंपर्क/2022 हरदा, दिनांक : 29/08/2022

**सार्वजनिक सूचना/इश्तेहार**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक कार्यालय नई दिल्ली की वेबसाइट पर हरदा जिले से प्रकाशित समाचार पत्रों की सूची में निम्नलिखित तीन समाचार पत्र ऐसे प्रदर्शित हो रहे है जो पिछले काफी समय से प्रकाशित ही नहीं हुए है।

(1) मासिक समाचार पत्र पीपुल्स समीक्षा, हरदा - स्वामी- श्री अल्ताफ खान,
(2) दैनिक नया दौर, हरदा - स्वामी- अलीशा,
(3) दैनिक अब तक एक्सप्रेस, हरदा - स्वामी- नावेद खान

इन समाचार पत्रों से संबंधित कोई भी रिकार्ड जिला जनसम्पर्क कार्यालय, हरदा में उपलब्ध नहीं है। जबकि प्रेस एण्ड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स एक्ट 1867 की धारा 9 के तहत प्रावधान है कि **"प्रत्येक समाचार पत्र का मुद्रक ऐसे समाचार पत्र के प्रकाशित होते ही यथाशीघ्र उसके सभी संस्करणों की एक प्रति आयुक्त, संचालक जनसम्पर्क तथा एक प्रति संबंधित जिला जनसम्पर्क कार्यालय के भार साधक अधिकारी को मुफ्त परिदान करेगा।"**

**प्रेस एण्ड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स एक्ट 1867 की धारा 6 के अंतर्गत अनियमित प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों के घोषणा-पत्र निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को है।** उक्त तीन समाचार पत्रों का मुद्रण व प्रकाशन यदि किया जा रहा हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 5 दिवस की समय सीमा में संबंधित स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक इस कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज सहित जानकारी प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद यह मान लिया जाएगा कि उक्त अखबारों का प्रकाशन नहीं हो रहा है और इस आधार पर इन समाचार पत्रों के घोषणा पत्र निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

जी-16052/22

अपर जिला दण्डाधिकारी
जिला हरदा (म.प्र.)

• पहला डोज रक्षा - दूसरा डोज सुरक्षा। टीका के दो डोज पूर्ण, कोविड से सुरक्षा सम्पूर्ण।

## बदला-बदला मौसम....

दिन मंगलवार ।समय सुबह 6 बजे ।ये मनोरम नजारा शहर की मदीना कॉलोनी में देखने को मिला।जब, आसपास का पूरा क्षेत्र कोहरे की चादर ओढ़े हुए था, जो करीब पौने घंटे तक दिखाई दिया।फिर भोर की पहली किरण के साथ कोहरा आंखो से औझल होता गया।सुबह-सुबह इस मनभावन नजारे का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया।ठीक उसी समय ये दृश्य स्थानीय रहवासी ने अपने कैमरे में कैद किया है।





## ये बात गलत है....



आप जो यह तस्वीर देख रहे हैं, वह समीपवर्ती ग्राम अतरसमा की है। जहां अतरसमा और देवतालाब के बीच पुलिया का ये हाल है।ग्रामीणों के मुताबिक ये कोई आज या कल की समस्या नही है, बल्कि ये समस्या कई महिनों से जस की तस है।सुरक्षा के लिहाज से गांव वालो ने गड्ढे के ऊपर कांटे लगा रखे हैं, ताकि वाहन चालक को गड्ढा दूर से ही दिखाई दे सके और वह बचकर निकल जाए।यहां आपकों बताना होगा कि अतरसमा-बैड़ी मार्ग से करीब दो दर्जन गांव को मुख्य मार्ग से सीधा जोड़ता है। इस मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक सैकड़ों वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।ग्रामीणों को सुरक्षित सड़क सुविधा की दृष्टि से इसका सुधार कार्य बेहद जरूरी है।फिलहाल, मार्ग की ये हालत देखकर लोग कहना नही चूकते, कि यह बात गलत है।

# जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास करें

- **कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

अनोखा तीर, हरदा।



चिन्हित जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाए। इसके लिए अभियोजन अधिकारी पूरी तैयारी के साथ न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखें। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभियोजन विभाग, पुलिस विभाग, सहकारिता, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, यातायात पुलिस, परिवहन व खनिज विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय राशि के गबन के मामलों में दोषी अधिकारी कर्मचारियों को न्यायालय से सजा दिलाई जाए। ऐसे अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने के लिए अभियोजन अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें।

**खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजें-** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने बैठक में खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षक को निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की जांच के लिए खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की दुकानों की जांच नियमित रूप से की जाए और खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाएं। उन्होंने शहर में स्थित विभिन्न चिलिंग प्लांट्स में रखें खाद्य पदार्थों की जांच करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गर्ग ने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर्स की जांच नियमित रूप से की जाए तथा मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस की भी जांच की जाए। यदि वहां एक्स्पायर दवाई बेची जा रही हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

**शराब के अवैध मामलों में कार्यवाही करें-** कलेक्टर श्री गर्ग ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि शराब के अवैध निर्माण, बिक्री, भण्डारण व परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा शराब के परिवहन में लगे वाहनों को जप्त कर राजसात करने की कार्यवाही करें। उन्होंने बैठक में जिला खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज के अवैध परिवहन में लगे ओवरलोड डंपर वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए भी कहा। उन्होंने खनिज परिवहन में लगे डंपर वाहनों की फिटनेस चेक करने के निर्देश भी आरटीओ को दिए।

**यात्री वाहनों में किराया सूची लगवाएं-** कलेक्टर श्री गर्ग ने आरटीओ को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में चलने वाले ऑटो रिक्शा वाहन चालकों को वर्दी में रहने, नेम प्लेट लगाने तथा सवारी के बैठने के स्थान के पास वाहन चालक का नाम, गाड़ी नंबर और पुलिस का हेल्पलाइन नंबर अंकित कराने के निर्देश भी दिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर कोई सवारी ऑटो चालक की शिकायत करे तो उसे वाहन क्रमांक और वाहन चालक का नाम मालूम हो। कलेक्टर श्री गर्ग ने सभी यात्री बसों में किराया सूची लगाने के निर्देश भी दिए। आरटीओ श्री मनोज तेंगुरिया ने बताया कि इस वर्ष अब तक 20 लाख रुपए से अधिक जुर्माना वाहन संचालकों पर लगाया जा चुका है।

**यात्री बसों में दिव्यांगों, महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करें-** कलेक्टर श्री गर्ग ने यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुपहिया वाहनो पर तीन सवारी बैठाने वाले चालकों, तेज गति से वाहन चलाने वालों तथा बिना नंबर के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग व यातायात पुलिस मिलकर संयुक्त कार्यवाही करें और स्कूल बसों का लगातार निरीक्षण करें। स्कूल बसों में इमरजेंसी गेट की व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। ड्राइवर कंडक्टर वर्दी में रहें, यह भी सुनिश्चित हो। कलेक्टर श्री गर्ग ने आरटीओ को निर्देश दिए कि यात्री बसों में दिव्यांगों, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 सीटें आरक्षित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि इन श्रेणियों की सवारी बस में चढ़े तो उन्हें परेशानी न हो।

## अवैध शराब जब्त कर बनाया प्रकरण

अनोखा तीर, हरदा। कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देश पर जिले में शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ने बताया कि सोमवार को आबकारी विभाग के दल ने दादाजी पेट्रोल पम्प के सामने छीपानेर रोड स्थित रॉयल रेस्टोरेन्ट एण्ड ढाबा तजपुरा में आरोपी गणेश बसवाना से 20 पाव देशी मसाला व 1 हन्टर बियर अवैध मदिरा जब्त कर प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है। उन्होने बताया कि इसके अलावा सीताराम जाट ढाबा तजपुरा से 6 पाव प्लेन देशी मदिरा जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्तशुदा सामग्री का मूल्य 2140 रुपए है।

## विष्णुप्रसाद शुक्ला को दी श्रद्धांजलि

अनोखा तीर, हरदा। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने विष्णुप्रसाद शुक्ला इंदौर के देहावसान पर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के अध्यक्ष राजेश पाराशर ने उनके व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। संरक्षक मनोहरलाल शर्मा ने बड़े भैया को समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि ऐसे विरले व्यक्तित्व होते हैं। सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ एलएन पाराशर ने कहा कि उनके शेष कार्यों को पूर्ण करने का संकल्प ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

## न्यूज ट्रेक

### महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित

**अनोखा तीर, टिमरनी।** शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि एसपी मनीष अग्रवाल, विशेष अतिथि आरटीओ मनोज तेनगुरिया, एसडीओपी पूजा पटेल एवं अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.जेके जैन ने की। कार्यक्रम में



नगर परिषद उपाध्यक्ष राजा कौशल, अरूण तिवारी, सुनील दुबे, पिंटू गौर सहित पुलिस विभाग की ओर से अजय रघुवंशी, राजेश रघुवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एसपी श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों के सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। आरटीओ मनोज तेनगुरिया ने सड़क दुर्घटनाओं एवं लाइसेंस के लाभ एवं परिवहन के नियमों की संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। राजेश रघुवंशी एवं अजय रघुवंशी के द्वारा विद्यार्थियों को यातायात संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं आने वाले चुनोतियों से अवगत कराया।

### सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर किया रक्तदान

**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा एवं भुआणा प्रांतीय गुर्जर समाज के सहयोग से मंगलवार को गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयन्ती पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। गुर्जर छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियो ने भगवान देवनारायण के



पूजन अर्चन से की। इस मौके गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनका स्मरण किया। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया। इसके पश्चात पौधरोपण कर वृद्धाश्रम में में फल व बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मनोज बागरे, डॉ.अभिषेक गुर्जर, डॉ.अमित चौधरी, डॉ.सुनील गुर्जर, संजय विजगावने, पिंकू पाटिल, अशोक गुर्जर, राजेश बांके, प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव पाटिल, जिला अध्यक्ष वैभव चौधरी सहित सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया।



### गोविंद व्यास बने भारत जोड़ो यात्रा समन्वयक

**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे भारत में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा जो मध्य प्रदेश में संभावित 24 नवंबर को प्रवेश करेगी। इस यात्रा के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने गोविंद व्यास को मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यात्रा का समन्वयक नियुक्त किया है। व्यास को मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यात्रा का समन्वयक बनाए जाने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, प्रकाशचंद वरिष्ठ, पूर्व विधायक डॉ.आरके दोगने, पूर्व नपा अध्यक्ष हेमंत टाले, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष केदार सिरोही, पूर्व प्रत्याशी टिमरनी अभिजीत शाह, मोहन विश्नोई, जिला उपाध्यक्ष आमिर पटेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला सिंह ठाकुर, सेवादल जिलाध्यक्ष उत्तम तेनगुरिया, सुरेंद्र विश्नोई, विजय सूरमा, सुप्रिया अशोक पटेल, राजवंशी लखौरे, धर्मेन्द्र पटेल, गौरीशंकर शर्मा, आनंद पटेल, अमीर पटेल, मुन्ना पटेल, अमर रोचलानी, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, मनीष शर्मा, शेख अशफाक, रमेश सोनकर, मुकेश पराशर, प्रेमनारायण मीणा, कैलाश पटेल, राजेश सोनकर, शिशुपाल राजपूत, असलम लाला, गणेश महोबिया, संतोष चौरे, सुनील गीते, अंकित भाटी, सफदर खान, रुपेश पटेल ने बधाई दी है।

**सक्रियता का परिणाम...**

# पुलिस ने वाहन चोर को पकड़ा, 2 गाड़ी बरामद

**- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सक्रिय थी टीम**

अनोखा तीर, हरदा।



सिविल लाइन पुलिस को वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को चोरी का माल बेचने से पहले उसे दबोच लिया, वहीं सख्ती से पुछताछ कर उसके कब्जे से 2 मोटरसाईकल बरामद भी की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल के निर्देशन तथा एएसपी और एसडीओपी के मार्गदर्शन एवं सिविल लाइन थाना प्रभारी राजेश साहू के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। टीम को ऐसे मामलो पर पैनी नजर रखने के साथ ही मुखबिर तंत्र की मदद से चोरों को दबोचने के लिए पाबंद किया था, ताकि चोरी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी श्री अग्रवाल के निर्देश मिलते ही सिविल लाइन पुलिस ने अपनी सक्रियता को बढ़ाया। परिणाम स्वरूप वाहन चोरी के मामले में लिप्त युवक को रंगे हाथ धर दबोचा गया। थाना प्रभारी राजेश साहू ने कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम में शामिल सहायक उपनिरीक्षक संजय ठाकुर, प्रधान आरक्षक बृजेश साहू और कुलदीप भदौरिया ने एलबीएस रोड पर स्थित भैरो बाबा मंदिर के पास विनय पिता अनिल यादव उम्र 20 साल निवासी छोटी सिंधी कॉलोनी को हिरासत में लिया। जिससे पुछताछ करने पर पता चला कि चोरी की टीवीएस कंपनी की मोटरसायकल को बेचने की फिराक में खड़ा था। पुछताछ में उसने एक ओर मोटरसायकल एचएफ डीलक्स चोरी करने की बात स्वीकार की, जो हरदा थानाक्षेत्र से चोरी हुई थी। पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जब्त वाहनों की अनुमानित कीमत 60 हजार रूपए के आसपास है। मामले में आरोपी के विरूद्ध प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेजा दिया है।

## मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए हैं कि जिले के मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण करें तथा एक्सपायर्ड दवाईयों को विधिवत नष्ट कराएं। यदि कोई मेडिकल स्टोर्स एक्सपायर्ड दवाई बेचता हुआ पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इसी क्रम में मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती सोनम जैन ने रहटगांव के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया।




उन्होने बताया कि मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके अलावा वरदान मेडिकल स्टोर्स में भी कमियां पाई गई मौके पर दवाओं के बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, एक्सपायर दवाई पाई गई एवं प्रतिबंधित दवाइयां भी पाई गई मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। श्रीमती जैन ने विजय मेडिकल का निरीक्षण भी किया तथा दवाइयों के रिकॉर्ड कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा श्रद्धा मेडिकल स्टोर्स एवं दीप मेडिकल स्टोर रहटगांव पर प्रोपराइटर एवं फार्मासिस्ट दुकान पर न पाए जाने पर दुकान को तत्काल बंद कराया गया।

# शिविर में वोटर आईडी को आधार से लिंक कराया

**अनोखा तीर, हरदा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत शिविर लगाकर विद्यार्थियों के वोटर आईडी को आधार नंबर से लिंक कराया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवाया और स्वयं ही नए मतदाता के रूप में जुड़ने तथा आधार नंबर को अपने वोटर आईडी से लिंक करना सिखाया गया और साथ ही दूसरों के वोटर आईडी को भी आधार से जोड़ने के लिए सहयोग करने हुतु प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को बीएलओ के माध्यम से भी वोटर आईडी को आधार से लिंक करने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों का ऐप के माध्यम से आधार कार्ड संग्रहण का कार्य किया गया।




शत प्रतिशत वोटर आईडी को आधार से लिंक करने तक यह कार्य लगातार संचालित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने बताया कि छात्र छात्राओं को वोटर आईडी से आधार लिंक करवाना है, वह इस अभियान में भाग ले सकता है और अपने वोटर आईडी से आधार लिंक करवा सकता है या अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से वोटर आईडी से आधार लिंक करवा सकता है। उक्त कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी डॉ.धीरा शाह, प्रशासकीय अधिकारी वीके बिछौतिया के साथ ही संयोजक डॉ.रश्मि सिंह तथा डॉ. सीपी गुप्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट केके वर्मा ने मंगलवार को एसीजेएम हरदा एसके भदकारिया के साथ जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सभी वार्डो, बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियो से भोजन, स्वास्थ्य, विधिक सहायता एवं अन्य समस्या के विषय में पूछताछ की। जेल अधीक्षक एमएस रावत ने बताया कि न्यायालय पेशी एवं प्रकरणों के संबंध में बंदियों की समस्या का निदान किया गया। न्यायाधीशगण ने जेल में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में डिस्ट्रिक्ट कमान्डेंट मयंक कुमार जैन एवं कंपनी कमांडर बीएस ठाकुर के निर्देशन में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रक्षा राजपूत प्लाटून कमांडर एवं प्रशिक्षित टीम द्वारा आपदा के अंतर्गत भूकंप एवं बाढ़ में बचाव के तरीके, आग, सर्पदंश, वज्रपात, सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना, औद्यौगिक दुर्घटना, सर्पदंश से बचाव, दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं, शिक्षक तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक मंगलेश उल्हारे ने एसडीईआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कार्यक्रम की प्रशंसा की।



## जिला जेल में कोविड टीकाकरण शिविर संपन्न



**अनोखा तीर, हरदा।** जिला अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा जिला जेल हरदा में सोमवार को वैक्सिनेशन शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. महेन्द्र कुशवाह एवं जेल फार्मासिस्ट मनीष साध के साथ-साथ पैरामेडिकल टीम के दीपेश शर्मा ऑपरेटर, मीना पंदराम, एलएचवी एवं सुश्री चंपी पर्ते स्टॉफ नर्स एएनएम ने लगभग 128 बंदियों को बूस्टर डोज लगाया। जेल अधीक्षक एमएस रावत ने आभार प्रकट किया गया।

# संपादकीय

## भ्रष्टाचार की इमारतें

यह सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का ही नतीजा कहा जाएगा कि नोएडा के सैक्टर 92 में एक दशक से भी ज्यादा समय से खड़ी दो बहुमंजिला अवैध इमारतों को रविवार को आखिरकार ढहा दिया गया। दोनों इमारतें सुपरटेक बिल्डर की परियोजना का हिस्सा थीं। इनके निर्माण में नियम-कानूनों की जिस तरह से धज्जियां उड़ती रहीं, वह हमारी सरकारों और शहरी विकास के निकायों यानी प्राधिकरणों की भ्रष्ट संस्कृति को उजागर करने के लिए काफी है। सर्वोच्च अदालत ने पिछले साल 31 अगस्त को एक आदेश जारी कर इन इमारतों को तीन महीने के भीतर गिराने का आदेश दिया था। लेकिन नोएडा प्राधिकरण को इस काम में भी एक साल लग गया! खैर, भले इस काम में देरी हुई और इस परिसर के निवासियों को सुपरटेक के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी, पर इसका नतीजा न केवल सुखद रहा, बल्कि कड़ा संदेश देने वाला भी रहा। सर्वोच्च अदालत की यह कठोर कार्रवाई उन सभी भवन निर्माताओं के लिए सबक है जो पैसे के बल पर कानून के शासन को चुनौती देते रहे हैं। इन अवैध इमारतों को गिरवा कर सुप्रीम कोर्ट ने बता दिया है कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट सक्रियता नहीं दिखाते तो सुपरटेक का शायद कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी अवैध रूप से बनी इन इमारतों को गिराने का आदेश दिया था। लेकिन तब सुपरटेक ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसे उम्मीद रही होगी कि पैसे और रसूख के बल पर यहां कुछ राहत मिल जाएगी। अगर ये इमारतें नियमों का पालन करते हुए बनाई गई होतीं तो लोग अदालत जाने को क्यों मजबूर होते न ही सुपरटेक कंपनी हारती! यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि अगर प्राधिकरण के अधिकारी मेहरबान हो जाएं तो किस तरह से बिल्डर नियम-कानून को ताक पर रखते हुए भ्रष्टाचार की इमारतें खड़ी करते चले जाते हैं। वैसे यह सुपरटेक का अकेला मामला नहीं है, ऐसे न जाने कितने ही मामले होंगे। हर शहर में विकास प्राधिकरण होते हैं जिनका काम ही शहरी नियोजन और भवन निर्माण संबंधी कामकाज देखना होता है। पर शायद ही कोई ऐसा शहर हो जो अवैध निर्माण के रोग से ग्रस्त न हो। मगर ऐसी कार्रवाई हर जगह इसलिए नहीं हो पाती कि कोई आवाज नहीं उठाता और अवैध निर्माण पर नजर रखना और उसे न होने देना जिनकी जिम्मेदारी होती है, वे खुद ही इसमें लिप्त रहते हैं। सुपरटेक परिसर के निवासी अदालत गए और लंबी लड़ाई लड़ी, इसलिए यह मामला तार्किक परिणति तक पहुंच पाया। सुपरटेक के दोनों अवैध निर्माण तो ढहा दिए गए, पर अब सवाल यह है कि प्राधिकरण के जिन अधिकारियों की वजह से भवन निर्माण कंपनियां फलती-फूलती रहीं और अवैध निर्माण होते रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार कहां तक पहुंची सर्वोच्च अदालत ने प्राधिकरण के उन सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिनकी वजह से यह गोरखधंधा चलता रहा। हालांकि सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम बनाने की औपचारिकता पूरी कर दी थी, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई ऐसी कार्रवाई होती नहीं दिखी जो मिसाल कायम करती। जबकि इस मामले में आरोपी चौबीस अधिकारियों में से उन्नीस सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का अब तक जो शिथिल रवैया देखने को मिलता रहा है, उससे तो लगता नहीं कि किसी को सजा मिल भी पाएगी। हालांकि अगर सरकारें ठान लें तो भ्रष्टाचार की इमारतों को ढहाना असंभव नहीं!

## पेगासस पर हवाई हल्ला मचाने वाले विपक्ष को मुद्दे उठाने से पहले तैयारी करनी चाहिए

**(डॉ. वेदप्रताप वैदिक)**

इस्राइल से 500 करोड़ रु. में खरीदे गए पेगासस नामक जासूसी यंत्र की जांच में कुछ भी नहीं मिला। भारत सरकार पर यह आरोप था कि इस यंत्र के जरिए वह भारत के लगभग 300 नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों पर जासूसी करती है। यह खबर जैसे ही 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपी भारत में तूफान-सा आ गया। संसद ठप्प हो गई, टीवी चैनल और अखबारों में धमाचौकड़ी मचने लगी और सरकार हतप्रभ हो गई। सरकार की घिग्घी ऐसी बंधी कि इस खबर को उससे न निगलते बन रहा था, न उगलते। न तो वह संसद के सामने बोली और न ही अदालत के सामने। उसने बस, एक ही बात बार-बार दोहराई कि यह भारत की सुरक्षा का मामला है। गोपनीय है। यदि अदालत कहे तो वह जांच बिठा सकती है कि क्या आतंकवादियों, अपराधियों और तस्करों के अलावा भी किंही नागरिकों पर यह निगरानी रखी जाती है

अदालत ने सरकार को यह मौका देने की बजाय खुद ही इस जासूसी यंत्र पर जांच बिठा दी। जांच समिति में तीन विशेषज्ञ रखे गए और उसकी अध्यक्षता एक सेवा-निवृत्त जज ने की। वह कमेटी तो बड़े योग्य और निष्पक्ष लोगों की थी लेकिन अब उसने अपने लंबी-चौड़ी रपट तीन हिस्सों में पेश की तो देश में फिर हंगामा खड़ा हो गया है, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा है कि उस रपट की मुख्य बातों को पढ़ने पर लगता है कि इस जांच में सरकार ने रत्तीभर भी सहयोग नहीं किया है। सरकार का जो रवैया अदालत के सामने था, वही जांच समिति के सामने भी रहा। आश्चर्य इस बात पर है कि जो रवैया सरकार का रहा है, वही रवैया उन ज्यादातर लोगों का भी रहा है, जिन 300 लोगों के मोबाइल फोनों की जांच होनी थी। 300 में से सिर्फ 29 लोगों ने जांच के लिए फोन दिए। बाकी लोग चुप्पी मार गए याने जो हल्ला मचा था, वह हवाई था। उन 29 फोनों की तकनीकी जांच से विशेषज्ञों को मालूम पड़ा कि उनमें से एक पर भी पेगासस के जासूसी यंत्र की निगरानी नहीं थी। सिर्फ पांच फोनों पर मॉलवेयर पाया गया। याने पेगासस को लेकर खाली-पीली हल्ला मचाया जा रहा है। यदि यह सच है तो सरकार ने इस कमेटी के साथ खुलकर सहयोग क्यों नहीं किया इसका मतलब दाल में कुछ काला है लेकिन जिन लोगों को अपनी निगरानी का शक है, उनकी दाल ही काली मालूम पड़ रही है। पहले तो 300 में से सिर्फ 29 लोग ही जांच के लिए आगे आए और उन 29 ने भी कह दिया कि उनके नाम प्रकट नहीं किए जाएं। इसका अर्थ क्या हुआ क्या यह नहीं कि सरकार से भी ज्यादा हमारे नेता, पूंजीपति, पत्रकार और अन्य लोग डरे हुए हैं। सरकार अपने अवैध कारनामों को छिपाना चाहती है तो ये देश के महत्वपूर्ण लोग अपने काले कारनामों पर पर्दा डाले रखना चाहते हैं। यदि आप कोई अवैध या अनैतिक काम नहीं कर रहे हैं तो आपको उसे छिपाने की क्या जरूरत है फिर भी नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि सरकार द्वारा की जा रही जासूसी निरंकुश न हो। राज्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जासूसी कड़वी दवाई की तरह है लेकिन इसे रोजमर्रा का भोजन बना लेना उचित नहीं है।

# "भ्रष्टाचार की उच्चतम निशानी"

## "ट्विन टॉवर्स" का जमींदोज करना क्या "अपरिहार्य" था?



**- राजीव खंडेलवाल**

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

**- प्रथम भागः-**

हमारा देश ''अनेकता में एकता'' लिए हुए कानून का पालन करने व करवाने के मामले में एक 'लचीला' देश रहा है। यहां ''तंत्र'' जो शासन-प्रशासन को चलाता है, बुरी तरह से भ्रष्टाचार की गिरफ्त में (बावजूद भ्रष्टाचार विरोधी कानून) होने के कारण भ्रष्टाचार ''शिष्टाचार'' में बदल कर चलते-फिरते जीवन का एक अपरिहार्य अंग बन गया है। इस पर चोट करने के लिए व सबक सिखाने के लिए एक ''नजीर'' बनाने की भावना के मद्देनजर निर्माण संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए 9 वर्ष पूर्व बने इन ट्विन टावरों को 28 अगस्त 2022 को मात्र 9 सेकंड में ''भूमिसात'' कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध ''जेहाद'' कर एक कठोर सांकेतिक संदेश दिया है। प्रश्न यह है कि दिल्ली के कुतुब मीनार से भी ऊंची 101 मीटर दोनों टावरों को जमींदोज करने के अतिरिक्त क्या अन्य कोई विकल्प नहीं था। इस पर आगे मंथन करने के पूर्व पहले ट्विन टावर का संक्षिप्त इतिहास जान लीजिये।

नवंबर 2004 में सुपर टेक कंपनी को नोएडा के सेक्टर 93ए में 84247 वर्ग मीटर जमीन आवंटित हुई थी। सुपरटेक ग्रुप कंपनी ने एमराल्ड कोर्ट सोसायटी बनाकर वहां फ्लैट निर्माण की परियोजना प्रारंभ की जिसमें प्रारंभ में 11 मंजिल के 14 टावर शामिल थे। तत्पश्चात इस योजना में तीन बार संशोधन होकर दो और टावर निर्माण करने की मंजूरी उस जगह दी गई, जो कि पूर्व में नोएडा एथोरिटी एवं बिल्ड़र कंपनी ने ग्रीन बेल्ट दर्शाया था। वर्ष 2009 में उत्तर प्रदेश सरकार की भवन निर्माण संबंधी ''एफएआर'' बढ़ाने के निर्णय के बाद सुपरटेक कंपनी को अपनी परियोजना में संशोधन करने में सहायता मिली व प्लान को रिवाइज कर 121 मीटर की ऊंचाई की 40 मंजिला निर्माण की स्वीकृति प्राप्त की। तत्पश्चात 32 मंजिला एपेक्स (टी.16) एवं 29 मंजिला सियोन (टी.17) नामक दो टावरों का निर्माण प्रारंभ किया गया (जिसे अभी जमींदोज किया गया) जिसकी कुल निर्माण लागत लगभग 300 करोड रुपए थी। एमराल्ड कोर्ट के स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन जिनकी सोसायटी के ठीक सामने ट्विन टावर का निर्माण हो रहा था, ने इस निर्माण पर आपत्ति की और वर्ष मार्च 2010 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नोएडा अर्थोरिटिज को फटकार लगाते हुए मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उक्त दोनों टॉवर को तोड़ने का आदेश दिया। न्यायालय ने एनबीआर 2006 एवं एनबीआर 2010 का उल्लघंन पाया। अर्थात दो टावरों के बीच 16 मीटर की दूरी के नियमों का पालन न करने करके मात्र 8 मीटर की दूरी पर एनओसी जारी कर दी गई। ''एनबीसी 2005'' (राष्ट्रीय भवन कोड) को भी ताक पर रखकर निर्माण किया गया। उच्चतम न्यायालय में कंपनी ने एक टावर तोड़ने की पेशकश भी की थी, जिसे अस्वीकार कर उच्चतम न्यायालय ने दोनों टावर तोड़ने के आदेश दिये। उक्त दोनों टॉवरों में 952 फ्लैट बने हैं, जिसकी लागत मूल्य लगभग 300 करोड़ रुपये और तोड़ते समय उसका बाजार मूल्य लगभग 700 करोड़ रुपये से अधिक ही है। कंपनी के चेयरमेंन आर के अरोड़ा का यह स्पष्टीकरण आया कि कंपनी ने सब नियमों का पालन किया है व नोएडा अर्थोरिटिज की समय-समय पर ली गई आवश्यक स्वीकृति व इजाजत से ही निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने दावा किया है कंपनी ने 70 हजार से ज्यादा फ्लैट बनाये है, जिसमें कि कुल फ्लैट का मात्र 3 प्रतिशत ही विवादित रहा है।

उक्त डिमोलेशन से कई प्रश्न पैदा होते है कि भ्रष्टाचार का उच्चतम स्तर का प्रतीक बन चुका यह टावर क्या भ्रष्टाचार को रोकने के लिए और आगे बिल्डर्स के लिए कड़क नजीर बनाने के लिए इसका जमींदोज किया जाकर 600 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति जो अंततः राष्ट्र की संपत्ति हैं (क्योंकि उसमें लगने वाला समस्त माल हमारे देश का उत्पाद ही तो है।) जिसे धूल के धूये में परिवर्तित करना क्या जरूरी था। रेसीडेंट सोसायटीओं की शिकायत का निराकरण का अन्य कोई विकल्प नहीं था।

भ्रष्टाचार निश्चित रूप से एक बुराई की जड़ है और हम कहते भी हैं कि इसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही हैं। जबकि वास्तव में भ्रष्टाचार में ही 'बू' है और वह स्वयं तकनीकि रूप से (व्यवहार में नहीं?) सुगंधित न होकर दुर्गंधित होता है। अर्थात भ्रष्टाचार एक घोर नकारात्मक भाव लिया हुआ कार्य है, जिसका कोई नैतिक बल न होने के बावजूद, सहूलियत अनुसार व्यक्ति उसका 'उपयोग' कर ही लेता है। उक्त टावर भ्रष्टाचार की नींव वह नमूना हैं जो विनाश के बदले निर्माण लिये हुए है। दो गगनचुंबी आवासीय इमारत जो जरूरतमंद नागरिकों के रहने के लिए बनाई गई जहां अर्थोरिटिस की स्वीकृति ली गई भले ही वह स्वीकृति मिली भगत व भ्रष्टाचार के द्वारा हो। हमने देखा है कि हमारे सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार इतना धुलमिल गया है कि वह पूरी तरह से शिष्टाचार हो गया है। परन्तु उसे हम जमींदोज करने का प्रयास नहीं करते हैं। पुल, पुलिया, सड़क, बांध, सरकारी इमारतें आदि के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के कारण वे टूट जाए, बह जाए, धंस जाए, गिर जाए तो हमें भूमिसात करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसीलिए यहां पर न्यायालय के डिमोलेशन के आदेश की जरूरत अवश्य ही नहीं है। अभी हाल ही में मध्यप्रदेश के कारम डेम का उदाहरण आपके सामने है जो पूरा होने के पहले ही भ्रष्टाचार की बली चढ़कर कई गांवों में संकट पैदा कर गया। यदि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कड़क नजीर बनाना ही हैं, जहां लेन-देन, करने-कराने अर्थात दोनों पक्षों पर प्रिवेन्टिव (निरोधक) कानून रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) जैसे लगाकर गिरफ्तार कर जेल के अंदर बंद करने की कार्रवाई क्यों नहीं की जाती हैं? ऐसे करने से बिल्डिंग तोड़ने से ज्यादा कड़क नजीर उन भ्रष्टाचारियों द्वारा तंत्रों का दुरुपयोग कर (कोलुजन) भविष्य में ऐसे निर्माण करने के लिए बिल्ड़र निरुत्साहित होते? यद्यपि 300 करोड़ रुपये बड़ी रकम होती हैं। लेकिन इस देश में जहां हजारों, लाखों व करोड़ों रूपये के कांड (जैसे 2 जी) हो जाते है व भ्रष्टाचारी व अपराधी जेल के बाहर व देश के बाहर घूमते-फिरते रहते है, वहां ऐसी कंपनीयां के प्रोमोटर्स इन रकमों के आघात को सह सकती हैं। परन्तु जेल जाने के आघात को नहीं सह पायेगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह दायित्व था, कि बिल्डर और एथोरटी पर अनियमित टावर को अनियमित व गैरकानूनी तरीके से कानून व नियम की आड़ में नियमित कर बनाने पर आर्थिक लाभ के उद्देश्य को बोठल करने के लिए लगाकर बराबर कीमत के उतनी ही राशि शास्ती के रूप में कंपनी से वसूल कर हितधारकों को बांट देती। साथ ही समस्त लोगों के खिलाफ जिसमें जांच के लिए गठित एसआईटी ने 26 अफसरों की संलिप्तता बतलाई थी पर आपराधिक कार्रवाई करने का निर्देश देती और शासन-प्रशासन को प्रिवेंटिव कानून का उपयोग करने का निर्देश देती तो जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए टावर जमींदोज किया गया वह तो प्राप्त हो जाता है और देश की 600 करोड़ की संपत्ति भी धुए में परिवर्तित होने से बच जाती और जरूरतमंद नागरिकों को रहने के लिए मकान भी मिल जातें।

शेष अगले अंक में क्रमशः .............।

## राजनीतिक रंगमंच

# चुनाव कोई भी जीते, कोई फर्क नहीं

## अंततः सरकार तो भाजपा की बनना तय है!

**राजनीति आखिर राजनीति होती है, जो राज करते रहने और राज छीनने के लिए ही होती है। किसी प्रतिस्पर्धी को कस्टडी में रखकर उपहार देने के लिए नहीं। राजनीति की इस बाजारू मंडी में न ईमान होता है और न धरम, न नैतिकता होती है और न अनैतिकता, न नीति होती है, न अनीति, न पाप होते हैं न पुण्य, न दया होती है न आदर्श और शर्म, लिहाजा भारतीय जनता पार्टी जनादेश न मिलने के बावजूद राज्यों में अपनी सरकार बना लेती है तो इससे बड़ी काबिलियत और कामयाबी हो भी क्या सकती है। फिर जब तक राजनीति की मंडी के पीठों पर विधायक और सांसद बिकने के लिए खरीददारों का इंतजार करेंगे तो जिसके पास माल होगा, वही तो खरीद सकेगा और भाजपा अगर यही कर रही है जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है तो इसमें गुनाह क्या है।**



**- विष्णु कौशिक, भोपाल।**

अब सत्ता पर काबिज रहने और अखंड हिन्दू राष्ट्र की नीति के अंतर्गत अपनी सत्ता का विस्तार करने के लिए बनते-बिगड़ते राजनीतिक समीकरणों और देश के मौजूदा हालात की रोशनी में एक बात तो तय है कि जनादेश खंडित हो या मंडित या फिर हो दंडित, चुनाव कोई भी पार्टी जीते, मगर देर-अबेर सरकार तो उस भारतीय जनता पार्टी की ही बनना है, जो एकमात्र ऐसे नेताओं की राजनीतिक पार्टी है जो अंदर-बाहर की तमाम चुनौतियों और अंतर्कलहों को नकारा साबित कर देश पर हुकूमत कर सकती है और क्यों न करे, जब कांग्रेस का जमाना हुआ करता था तब कांग्रेस भी तो अपनी सरकारों का विस्तार किया करती थी, अब अगर भारतीय जनता पार्टी कर रही है तो इतना रोना-धोना क्यों? अब असल बात तो यह है कि जिन पार्टियों के हाथ-पैर ही सलामत न हो, खुद बीमार हों, परिवार के सदस्य ही एक-दूसरे की टांग खींचाई कर रहे हों, उनसे देश के विकास और जनता की खुशहाली की उम्मीद की भी कैसे जा सकती है। इस हालत में मेल-बेमेल, तालमेल और घालमेल से कहीं गैरभाजपाई सरकार बन भी गई तो लिखकर रख लीजिए भारतीय जनता पार्टी के अंतर्यामी और दूरदृष्टि रखने वाले नेता धैर्य के साथ वक्त का इंतजार कर मौके का फायदा उठाकर अपनी सरकार बना लेंगे और खुद सरकारे आला बन जाएंगे, बस : शर्त इतनी भर है कि केन्द्र में डबल इंजिन वाली यही सरकार हो और हों मायावती तथा असरुद्दीन औवेसी जैसे नेता जो एक मुंह से भाजपा को धर हिन्दूवादी और साम्प्रदायिक बताकर विरोध करते रहते हैं तो दूसरे मुंह से चोरी-छिपे विपक्ष के वोट काटकर भाजपा के राज्याभिषेक में मदद कर दर्शक दीर्घा में नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही डबल इंजिन वाली सर्वाधिकार एकाधिकार संपन्न सर्वशक्तिमान सरकार के साथ उन तोता छाप छापामार जांच एजेंसियों का होना अनिवार्य है, जिन्हें कुछ कहने की जरूरत ही नहीं पड़े सिर्फ हुजूर सरकार के शिजदे में सिर झुकाकर हाव-भाव का समझकर उनकी चाहना का सही अनुवाद करें और ऐढ़ी ठोंककर आकाओं की आज्ञा का पालन करने के लिए चौबीसों घंटे बेकरार रहते हों। ऐसी एजेंसियों की जरूरत और गरिमा इसी सरकार ने पहचानी है, जिन्हें गैरभाजपाई विपक्षी नेताओं को जनता की नजरों में गिराकर राजनीतिक शुद्धिकरण की वह जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें वे संपूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ जुटी हैं। छापामार एजेंसियों ने तमाम गैरभाजपाई विपक्षी नेताओं को दो टूक शब्दों में संदेश दे दिया है कि इस वक्त देश में अगर सत्यवादी हरीशचन्द्र, धर्मराज युधिष्ठिर और महादानी कर्ण के वंशज शासन कर रहे हैं तो वे हैं आज की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के संचालक। भ्रष्टाचार तथा किस्म-किस्म के नैतिक, अनैतिक, भौतिक आरोपों के कीचड़ में लतपथ होने के बावजूद साफ-सुथरे पाक-साफ हैं, जो भाजपा के हितग्राही भामाशाह हैं जिन्हें बिना जांच के भी क्लीन चिट से उपकृत कर अपने निष्पक्ष आचरण और कर्त्तव्य का संपूर्ण ईमानदारी से निर्वहन कर लिया जाता है। तभी मिथक बन गया है कि भारतीय जनता पार्टी वह वाशिंग मशीन है, जिसमें भ्रष्टाचार के डामर से लिपटे सारे दाग साफ होकर सफेद हो जाया करते हैं। सारा देश देख रहा है कि अभी तक तो इन छापामार एजेंसियों के पास सत्ताधारी कांग्रेस और कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेताओं के दरवाजों पर हाजिरी बजाने और इशारों पर नाचने के अतिरिक्त कोई काम ही नहीं था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के सात साल के कार्यकाल में जांच एजेंसियों को इतना काम मिल गया है कि सांस लेने तक कि फुर्सत नहीं है और वे विपक्षी नेताओं को डराने - धमकाने के लिए छापे डालकर सौंपे गए काम को अंजाम तक पहुंचाने का जोखिम संभवतः इस भरोसे के साथ उठा रहे हैं कि अब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अतिरिक्त किसी दूसरी पार्टी का जब वजूद ही नहीं रहेगा, कोई विरोधी सत्ता में आ भी नहीं सकेगा, लेकिन अगर धोखाधड़ी से आ भी गया तो यही एजेंसियां पाला बदलकर भाजपाईयों पर छापे डालने लगे तो हैरत नहीं होगी। कुल मिलाकर मतलब ये हुआ कि बदलापुरी की राजनीति का जो श्रीगणेश हुआ है, उसका अंत तो होना ही नहीं है। लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी हो या कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी सत्ता में आने के बाद अपने राजनीतिक विरोधियों का सफाया नहीं करेगी तो क्या अपने गले में फांसी का फंदा अपने हाथ से डाल लेगी, इसलिए आज की राजनीतिक में मानकर चला जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी कोई गलत नहीं कर रही है, सरकार उसी व्यवहार को चुका रही है जो कल कांग्रेस की सरकार ने किया था। बहरहाल जनहितों का गिद्धभोज करने वाले राजभोगियों को समझ लेना चाहिए कि यह वक्त बड़ा ही बेरहम होता है, जब अपनी पर आता है तो अपने को भी नहीं छोड़ता तो फिर दूसरों की तो विसात या औकात ही क्या है। लेकिन इस देश में हैं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे निडर-दुस्साहसी पगले जिन्हें अपनी ईमानदारी और जनता पर भरोसा है, जिन्हें जितना भी सताया जाए चरण चुंबन के लिए झुकाने की कितनी भी कोशिश की जाए, कितने ही छापे मारे जाए, कितनी ही गिरफ्तारियां की जाए, लेकिन वे झुकने वाले नहीं हैं तो नहीं है और इन्हीं नेताओं का यही वह संदेश है जो देश को सही दिशा दिखाने की उम्मीद बंधा रहा है। अब पश्चिम बंगाल में सारी तृणमूल कांग्रेस को भले ही खरीद लिया हो, लेकिन ममता के मुरीद मतदाता को नहीं खरीद सके, इससे बड़ी बात और हो भी क्या सकती है। अकेली महिला ने सारे पुरुष योद्धाओं को मैदान से जिस प्रकार खदेड़ा, वह भी अपने आप में एक इतिहास है। इसी प्रकार चंद महिनों बाद दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित साथियों को चरण चुंबन कराने के लिए फिर मोर्चे और मामले खोल दिए गए, उपराज्यपाल की ड्यूटी लगा दी गई, छापामार एजेंसियां आसमान उधेड़कर काले कारनामें ढूंढने लगी, शराब की बोतलों में रिश्वतों का नशा खोजने लगी, एफआईआर दर्ज कराने के लिए थानों में भाजपाई हाजरी लगाने लगे, लेकिन इसी दिल्ली में बार-बार भाजपा को शिकस्त देने वाले अरविंद केजरीवाल जब गुजरात चुनाव न लड़ने का वादा कर झुकने को ही तैयार नहीं है तो फिर टूटने या फिर पीछे हटने का तो सवाल ही नहीं उठता। मजेदार क्लासिकल तो उस बिहार में हुआ, जहां भाजपा ने त्यागमूर्ति का परिचय देते हुए नीतिश बाबू को सुशासन बाबू के रूप में सम्मान देते हुए अपने हाथ आया मुख्यमंत्री पद तक सौंप दिया। मगर जब नीतिश कुमार ने भाजपा नेताओं की उंगलियों पर नाचने से इंकार कर दिया और उन्होंने नाचने वालों की उंगलियों को ही ईमानदारी के दांतों से चबाना शुरू कर दिया तो भाजपा को दूसरे ही क्षण सुशासन बाबू भ्रष्ट लगने लगे और चंद घंटों बाद ही सीबीआईईडी इंकम टैक्स जैसी एजेंसियां बिहार में गैर भाजपाई नेताओं की तलाशियों के साथ उनके गले में फंदे कसने लगी। अब क्या मिला है, क्या नहीं, ये तो नहीं जानते, लेकिन इतना जरूर जानते हैं कि नीतिश और भाजपा में कल तक जो हमबिस्तर वाला तालमेल था, उस तालमेल के टूटने से सारे विपक्ष को एक नई ताकत मिल गई, जो भाजपा को जहां ऊर्जा देगी, वहां तगड़ा विरोध भी करेगी। वक्त गवाह है कि नीतिश नामक सुशासन बाबू ने भाजपा के अतिरथियों के पहियों को अहंकार की रेत से बाहर निकलने ही नहीं दिए तो नहीं निकले दिए। शायद अहंकारियों के लिए ही यह नसीहत गढ़ी गई है कि बकरे की माँ कब तक खैर मनाएगी। मतलब चुनाव में हार का सामना करना न पड़े इसके लिए कुछ भी किया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी को भी आज की स्थिति में सौ लंगड़े-लूले भी मिल जाए तो भी बाल बांका नहीं कर सकते। आज जो राजनीतिक स्थितियां हैं उनमें भाजपा से सत्ता छीनना वैसा ही होगा, जैसे शेर के मुंह से जीभ पकड़ना। भाजपा के दूरदृष्टि वाले नेता जानते हैं कि सत्ता से अलग होने की स्थिति में उनके साथ क्या व्यवहार हो सकता है, इसलिए पूरी ताकत केन्द्र में डबल इंजिन वाली यही सरकार बनी रहे, इसके लिए पार्टी कुछ भी करेगी, कुछ भी मतलब कुछ भी। अब अगर राज्यों में पार्टी हार भी जाती है तो केन्द्र की मदद से वैसे ही अपनी सरकार बना लेगी, जैसे कर्नाटक, गोहा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों में बनाई और भी अगर राजनीतिक दिक्कत हुई और हालात काबू से बाहर होते नजर आए तो कहने वाले तो यहां तक कहने लगे हैं कि चुनाव मैदान में उतरने के पहले ही जीतने योग्य विरोधी दलों के घोषित उम्मीदवारों को ही खरीद लिया जाए तो हैरत नहीं होगी। लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की इन्हीं या ऐसी ही लोकतंत्रीय खूबसूरती के शिकार जो राज्य हुए हैं, उनमें से एक मध्यप्रदेश भी है। जहां गच्चा खाए कमलनाथ अब अपनी पार्टी के साथियों से हाथ जोड़े विनती कर रहे हैं कि भैया अगर भाजपा की गोद में शरण लेना है तो अभी ही चले जाओ, बिकना है तो अभी ही बिक जाओ तमाम किस्म के सुख देने वाली मातृसंस्था से दगेबाजी करना है तो अभी कर लो, लेकिन मेहरबानी कर बाद में पहले वालों की तरह धोखा मत देना, क्योंकि जिन पर विश्वास होता है और वे धोखा देते हैं तो बड़ी तकलीफ होती है। मगर कमलनाथ की यह नसीहत भरी पीड़ा उस वक्त फूट रही थी, जब गबृह मंत्री और सरकारी प्रवक्ता डॉ. नरोत्तम मिश्रा और स्थानीय शासन मंत्री कांग्रेस में शक और भ्रम पैदा करने के लिए बड़े आत्मविश्र्वास के साथ फिलर पर फिलर फेंके जा रहे थे, कि कांग्रेस के कई विधायक अपने राजनीतिक भविष्य को सुखमय बनाने की गरज से भाजपा के भगवामय दामन में शरण लेने के लिए फड़फड़ा रहे हैं। अब सही गलत तो दोनों नेता ही जाने, मगर खबरों को आकार देने और साकार करने के लिए सबसे पहले फिलर फेंककर ही माहौल बनाया जाता है, क्या इस तथ्य से इंकार किया जाता सकता है, शायद नहीं। बहरहाल, राजनीति आखिर राजनीति होती है, जो राज करते रहने और राज छीनने के लिए ही होती है। किसी प्रतिस्पर्धी को कस्टडी में रखकर उपहार देने के लिए नहीं। राजनीति की इस बाजारू मंडी में न ईमान होता है और न धरम, न नैतिकता होती है और न अनैतिकता, न नीति होती है, न अनीति, न पाप होते हैं न पुण्य, न दया होती है न आदर्श और शर्म, लिहाजा भारतीय जनता पार्टी जनादेश न मिलने के बावजूद राज्यों में अपनी सरकार बना लेती है तो इससे बड़ी काबिलियत और कामयाबी हो भी क्या सकती है। फिर जब तक राजनीति की मंडी के पीठों पर विधायक और सांसद बिकने के लिए खरीददारों का इंतजार करेंगे तो जिसके पास माल होगा, वही तो खरीद सकेगा और भाजपा अगर यही कर रही है जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है तो इसमें गुनाह क्या है।



### और अंत में ....

अब वक्त-वक्त की बात है, एक वक्त वह भी था जब कांग्रेस, चुनी हुई विपक्षी सरकारों को धड़ाधड़ गिराती जा रही थी तो लोकतंत्र की रक्षा कहलाता था। आज अगर वही काम भाजपा कर रही है तो रोना-धोना मचा है कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इसे ही कहते हैं जिस काम को खुद करें वही पुण्य, मगर दूसरा उसी काम को अंजाम दे तो वह महापाप।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।

## न्यूज ट्रेक

### निर्जला उपवास रख महिलाओं ने की हरतालिका तीज की पूजा

**अनोखा तीर, खंडवा।** श्रीगणेश चतुर्थी के एक दिन पूर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाले हरतालिका तीज व्रत पर नगर के सभी मंदिरों में एवं घरों में महिलाएं व कुंवारी कन्याओं ने निर्जला रहकर भगवान शिव पार्वती एवं गणेश की पूजा-अर्चना कर हरतालिका तीज का उपवास रखा। बजरंग चौक स्थित मोनी बाबा मंदिर में भादो मास शुक्ल पक्ष



की हरतालिका तीज के पावन अवसर पर महिलाओं ने एक स्थान पर एकत्रित होकर भगवान शिव, माता पार्वती व गणेशजी की पूजा कर कथा सुनी। रात्रि में महिलाओं ने रतजगा कर भजन-कीर्तन भी किए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंदिर में रेत से निर्मित भगवान भोलेनाथ की महिलाओं व बालिकाओं ने पूजा अर्चना कर भोलेबाबा की आरती की। मंदिर के पुजारी पंडित नवीन शर्मा ने विविधव पूजन करवाकर हरतालिका तीज की कथा महिलाओं को सुनाई।

### आगामी त्यौहार को देखते थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, बड़वाह।** आगामी त्यौहार को लेकर मंगलवार दोपहर 2 बजे स्थानीय थाने परिसर में प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिकों के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें एसडीएम बीएस क्लेश, तहसीलदार रंजना पाटीदार, एसडीओपी विनोद दीक्षित, थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने उपस्थितजनों से त्यौहार मानने में आने वाली समस्या और सुविधा करने के विषय पर चर्चा की। वहीं संबंधित अधिकारियों को गणेशोत्सव के त्यौहार में आवश्यक व्यवस्था और समिति सदस्यों द्वारा गणेश प्रतिमा बिठाए जाने वाले स्थानों पर विद्युत व्यवस्था करने और खुले बिजली के तारो को दुरुस्त करने के दिशा-निर्देश दिए। जबकि सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार रखकर व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी



दिए गए। बैठक में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि जैन, अनिल राय ने बताया कि समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की स्थापना से लेकर विसर्जन तक नगर पालिका परिसर में दस दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनंत चतुर्थी पर नगर में चलित झांकियां और डंडा पार्टी निकाली जाएगी। गणेशजी की प्रतिमा विसर्जन को लेकर मां प्राणी सेवा समिति सदस्य अरविंद पगारे द्वारा समीपस्थ ग्राम नावघाट खेड़ी स्थित 3 कुंड बनाने की बात कही। ताकि प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमा नर्मदा नदी में विसर्जित न हो। जिस पर एसडीएम क्लेश ने पंचायत को कुंड बनाने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह एसडीएम ने चल समारोह रूट और गणेश प्रतिमा स्थापना स्थल पर नपा के अधिकारी को वार्डो की खुदी हुई सड़कों को दुरूस्त करने व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था और नीचे झूल रहे तारों को एमपीईबी के अधिकारी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

**कालोनी के समिति सदस्यो के लिए आवश्यक निर्देश दिए** – थाना प्रभारी श्री वास्कले ने कहा कि शहर की सभी कालोनी व मोहल्लों में बैठाई जाने वाली गणेश प्रतिमा के लिए सभी समिति सदस्यों को थाने पर सूचना देना होगा। जबकि प्रतिदिन समिति के एक सदस्य को पांडाल में ही रात्रि विश्राम करना अनिवार्य होगा। ताकि भगवान के पंडाल में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके। समिति द्वारा रात्रि 10 बजे बाद किसी भी प्रकार से लाउड स्पीकर नहीं बजाया जाए। वहीं गणेश प्रतिमा बैठाने वाले स्थान पर अवैध तरीके से विद्युत सप्लाई नहीं लेते हुए, समिति सदस्यों द्वारा विद्युत मंडल से अस्थाई कनेक्शन लें। जबकि समिति सदस्य किसी भी सार्वजनिक स्थान पर ऐसा पंडाल नहीं बनाए जिससे की आवागमन प्रभावित हो। हालांकि शांति समिति में ऐसे कई मुद्दों पर चर्चा कर अधिकारियों ने आगामी त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाने की सलाह दी। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय, अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद कुदूस, रवि जैन, नाजिम खान, नपा इंजीनियर आशीष राठौड़, हरिराम सिंधिया, अशोक दतोले, मनोहर डुलगज सहित पत्रकार उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर अंडर 14 कराटे टूर्नामेंट आयोजित

#### - विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**अनोखा तीर, खंडवा।** यादव स्पोर्ट्स कराटे वेलफेयर सोसाइटी खंडवा द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर अंडर 14 कराटे टूर्नामेंट कोच नेहा यादव द्वारा आयोजित किया गया था। नेहा यादव द्वारा खेल के जादूगर ध्यानचंद जी के बारे में बताते हुए बड़े उत्साह से खेल दिवस मनाया गया। अंडर फोर्टीन टूर्नामेंट में 40 बालक बालिकाओं ने विभिन्न वर्ग भार में खिलाड़ियों ने दम दिखाया को 20 से 25 अनमोल पांडे गोल्ड मेडल, शिक्षा बिरला सिल्वर, साम्या कैथवास ब्रान्ज, विवाह पाटीदार, 7 से 8 इस ग्रुप में आस्था यादव गोल्ड, जिया जसवंतकर सिल्वर, कोमल जसवंतकर ब्राउंस मेडल, 58 भार नम्रता मोरे गोल्ड मानसी निनोरिया सिल्वर दीक्षा यादव ब्रोंज



मेडल, 30- 35 वर्ग भार हर्षिता फुलमाली गोल्ड, तमन्ना यादव सिल्वर, खुशी भवरे ब्रान्ज, साक्षी बोरनारे, बालक वर्ग में 20 से 25 साल में आयु यादव गोल्ड सात्विक मिश्रा सिल्वर मेडल, 25 से 30 मितांश हिरवे गोल्ड, हेमंत बोरनारे सिल्वर, वंश वर्मा ब्रान्ज30 से 35 निकुंज अटूट गोल्ड, देवेश पाटिल सिल्वर, पृथ्वी भंवरे ब्रान्ज, 35 से 40 देवा चौरे गोल्ड, क्रिश हौसले सिल्वर, तनिष्क हौसले ब्रान्ज, अंडर फोर्टीन में बेस्ट प्लेयर अनमोल पांडे, आयु यादव, निकुंज को बेस्ट प्लेयर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विवेक पांडे अपर आयुक्त द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर सोसायटी के अध्यक्ष मंगल यादव, उपाध्यक्ष अमर यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, सहसचिव कुंदन यादव, जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गई।

## चल समारोह व मूर्ति स्थापना के साथ

# आज होगा गणेशोत्सव प्रारंभ

### ● नगर पालिका स्थित भव्य पांडाल में होंगे दस दिवसीय रंगारंग आयोजन



**अनोखा तीर, बड़वाह।**

आज से गणेश चतुर्थी के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। नगर में इस उत्सव को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति सदस्यों और समिति अध्यक्ष रवि जैन द्वारा शहर की परंपरा को बनाए रखते हुए सुबह 11 बजे नागेश्वर मंदिर परिसर से गणेश प्रतिमा का अभिषेक पूजन कर नगर पालिका प्रांगण तक चल समारोह निकाला जाएगा। जहां भगवान गणेशजी की स्थापना कर दस दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन शुरू होगा।

समिति अध्यक्ष रवि जैन व अनिल राय ने बताया कि नपा परिसर में बनाए गए वाटरप्रूफ पंडाल में विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जबकि 10 दिवस तक प्रतिदिन शाम को नपा स्थित पंडाल में भगवान गणेशजी की संगीतमय आरती की जाएगी।

**दस दिवसीय होंगे विभिन्न आयोजन** – दस दिवसीय आयोजन अंतर्गत पहले दिन 31 अगस्त रात्रि 9 बजे पंडाल में आनंदेश्वर मानस भक्त मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का वाचन किया जाएगा। एक सितम्बर को उज्जैन के निधिवन डांस ग्रुप द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 2 और 3 सितंबर रात्रि आरती के पश्चात स्थानीय निजी स्कूल के बच्चों द्वारा डांस की प्रस्तुति दी जाएगी। 4 सितंबर रात्रि में नागलवाड़ी के शिवजी गुप्ता द्वारा डांस की प्रस्तुति दी जाएगी।

5 और 6 सितंबर को स्थानीय निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा डांस की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसके बाद 7 सितंबर को जयपुर के संगीतकार निशा गोविंद द्वारा खाटू श्याम की संगीतमय विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद 8 सितंबर को निमाड़ के नृत्य कलाकार संजय महाजन के ग्रुप द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। जबकि गणेशोत्सव के अंतिम दिवस भगवान नागेश्वर मंदिर परिसर से रात्रि में डंडा पार्टी के साथ चलित झाकियां शहर के मुख्य मार्गो पर निकाली जाएगी। इस दस दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन समिति सदस्य भुवनेश सेंगर, पवन सिंघल, रोमेश विजयवर्गीय, अतुल आरस, अनिल कानूनगो सहित अन्य सदस्यों ने नगर व आसपास की धेमप्रेमी जनता से उपस्थित होने की अपील की है।

## आज शुभ मुहूर्त में घर-घर विराजेंगे श्रीगणेश

### ● खंडवा के राजा का सजा दरबार, आकर्षक विद्युत सज्जा से सजे पांडाल



**अनोखा तीर, खंडवा।** घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति गणेश। इसको लेकर शहर में एक पखवाड़े पूर्व से चल रही चहल-पहल अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। अनेक कलाकार अपने हुनर का जलवा दिखाते हुए लगातार भगवान गणेश की विभिन्न भाव भंगिमा वाली छोटे से लेकर विशाल आकार की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे चुके हैं। अब बारी है भगवान गणेश के उन हजारों भक्तों की जो अपने आराध्य को घर में शुभ मुहूर्त देखकर विराजित करेंगे। इतना ही नहीं वे अपनी मनपसंद प्रतिमा को घर लाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी तरह शहर में सार्वजनिक गणेश मंडल भी पूर्व में विभिन्न कलाकारों को दिए गए अपने आर्डर की प्राप्ति में लग गए हैं। श्रद्धालु और जिला प्रशासन दोनों ही पर्व को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। शहर के प्रसिद्ध बड़ाबम चौक बजरंग चौक, पड़ावा, इंदिरा चौक, गणेश गौशाला, सिंधी कालोनी, लाल चौकी, आनंद नगर, टपालचाल, सोनकर मोहल्ला, कुम्हारबेड़ा, हरिगंज, सराफा, बुधवारा में सुंदर आकर्षक व विद्युत सज्जा से सुशोभित पांडाल सज कर तैयार हो चुके है।

## एसडीएम ने पांडालों के आयोजकों की ली बैठक

# शांति व भाईचारे के साथ मनाएं गणेश चतुर्थी का पर्व

**अनोखा तीर, खंडवा।**

पुलिस कन्ट्रोल रूम में मूर्ति स्थापना एवं पांडालों के आयोजकों की मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम अरविंद चौहान ने मूर्ति स्थापना एवं पाण्डालों के आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि 31 अगस्त से गणेश चतुर्थी पर्व आयोजित हो रहा है, इसे सभी शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं। बैठक में बताया गया कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि होती है तो प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। एसडीएम ने कहा कि विसर्जन के समय झांकियां परम्परागत मार्ग से निकाली जायेगी तथा डीजे प्रतिबंधित रहेगा। विसर्जन के लिए रात्रि 8 बजे तक सभी झांकी जलेबी चौक आना है। गलत गाने एवं नारे नहीं लगाएं, झांकी की थीम की जानकारी अवश्य रूप से




दी जाए। झांकी व्यवस्थापक के लिए ड्रेस कोड जरूरी है, जिससे आवश्यकता अनुसार जरूरत पड़ने पर उन्हें पहचाना जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में धारा 144 प्रभावित है तथा धारदार हथियार लेकर न चले, अगर पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक एसडीएम श्री चौहान ने आयोजकों से कहा कि विद्युत व्यवस्था के लिए मीटर लेना आवश्यक है।

बैठक को संबोधित करते हुए सीएसपी पूनमचंद यादव ने कहा कि गलत नारे का इस्तमाल न करें। पांडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अत्यंत आवश्यक है। पाण्डालों तथा मूर्तियों के हिसाब से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। आयोजन समिति के सभी व्यक्तियों के नाम संबंधित थाने में तथा पाण्डालों में रहने वाले व्यक्तियों के नाम भी अलग से दिए जायें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर गलत तरीके से संदेश प्रसारित न करें। जहां पाण्डाल एवं प्रतिमा बड़ी है, वहां पर वालेंटियरों की संख्या ज्यादा रखी जाए।

## मोबाइल चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

### - मेले से किए थे मोबाइल चोरी, 18 मोबाइल जब्त

**अनोखा तीर, भीकनगांव।**

पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों पर लगातार निगाह रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी रोकथाम विशेष अभियान चलाने के संबंध मे निर्देशित किया गया है। जिसके



परिपालन मे पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण झोन राकेश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक निमाड रेंज तिलक सिंह के निर्देशन मे एसपी धर्मवीर सिंह, एएसपी ग्रामीण जितेन्द्र सिंह पवांर, एएसपी शहर मनीष खत्री, एसडीओपी भीकनगांव संजू चौहान के मार्गदर्शन मे थाना में मेले से मोबाइल चोरी करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार थाना भीकनगाँव पर सूचना प्राप्त हुई कि 4 संदिग्ध लोग जो कि चोरी की योजना बनाने के उद्देश्य से अंजनगांव हैण्डपम्प के पास मिलने वाले हैं। मुखबिर के सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर 4 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए चारों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास से ब्लैड, आरी के टुकडे एवं पेचकस जैसे उपकरण मिले। जिनके बारे में पूछने पर उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। उक्त व्यक्तियों के झोले की तलाशी लेने पर उसमें से 18 मोबाइल फोन मिले। जिनके बारे में पूछने पर उन्होंने उक्त मोबाइल पोखर बुजुर्ग मे मोतीबाबा के मेले में लोगों की जेबों से चोरी करना स्वीकार किया। अंजनगांव हैण्डपम्प के पास एकत्रित होने पर कही अन्य जगह चोरी करने की योजना बनाने के लिए आना बताया। उक्त चारों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना भीकनगाँव पर अपराध क्रमांक 549/2022 धारा 401 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**यह आरोपी पकड़ाए**– सुमित पिता माधु जाति मोघिया 28 साल निवासी जमली टोला, थाना सोहागपुर जिला होशंगाबाद हाल रेल्वे स्टेशन के पास, ग्राम तलवडिया थाना जावर जिला खंडवा। जाधव पिता संजु गौसाई 34 साल निवासी रेल्वे स्टेशन के पास, ग्राम तलवडिया थाना जावर जिला खंडवा। सुन्दर पिता सोमानी उर्फ सुमन जाति बंजारा 32 साल निवासी सेमरा थाना घूरपुर जिला इलाहाबाद उप्र, हरुण पिता बब्बू जाति मोघिया 20 साल निवासी ग्राम घर थाना विदिशा जिला विदिशा हाल रेल्वे स्टेशन के पास, ग्राम तलवडिया थाना जावर जिला खंडवा शामिल हैं।

**इन्होंने की कार्यवाही** – उक्त कार्यवाही में एसडीओपी भीकनगाँव संजु चौहान के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सौरभ बाथम के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजयसिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक शत्रुघ्न देशमुख, नरेन्द्रसिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक दीपक पाल, आरक्षक धर्मेन्द्र, आशीष, दीपक यादव, राजेश, राकेश पाटिल, महिला आरक्षक पुष्पा सिंह व आरक्षक अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा।

### शासकीय स्कूल की लापरवाही :

## छात्रा को पूरक परीक्षा में किया पास, अब बता रहे फेल

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले की एक शासकीय स्कूल की एक बड़ी लापरवाही की शिकायत जनसुनवाई में एक छात्रा करने पहुंची। अमलपुरा सरकारी स्कूल में पढने् वाली धरमपुरी गांव की छात्रा स्वाति को पहले 11 वीं पूरक परीक्षा में उत्तीण की अंकसूची दे दी थी, अब विद्यालय इसे अनुत्तीण बता रहा है। इसी को लेकर छात्रा स्वाति अपने पिता के साथ मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां जिला शिक्षा अधिकरी के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के बाद शिक्षा अधिकारी ने जांच करवाने की बात कही। धरमपुरी गांव की रहने वाली छात्रा स्वाति अमलपुर गांव की शासकीय स्कूल में पढ़ती है। मंगलवार को वह अपने पिता शांतिलाल प्रजाति के साथ खंडवा कलेक्टर कार्यालय



जनसुवाई में पहुंची। यहां जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि मुझे 11वीं कक्षा की परीक्षा में पूरक आई थी। पूरक परीक्षा देने के बाद मैं पास हो गई थी और अब मैं 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही हूं। अब विद्यालय द्वारा मुझे कहा जा रहा है, आप पूरक परीक्षा में फेल हो गई हो इसलिए आप को वापस 11वीं कक्षा में बैठना होगा। मैंने रात-रातभर पढ़ाई की है और डेढ़-दो महीने से पढ़ाई कर रही हूं, काफी पढ़ाई हो चुकी है। अब मुझे समझ नहीं आ रहा है, कि मैं क्या करूं?

छात्रा की शिकायत को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी संजीव भालेराव का कहना है कि अमलपुरा की छात्रा द्वारा एक शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच के लिए संबंधित विद्यालय को सूचित कर दिया है और परीक्षा से संबंधित जानकारियां बुलवाई गई हैं। विद्यालय की प्राचार्य का कहना है, कि छात्रा को त्रुटिवश पास की मार्कशीट जारी हो गई थी। इसलिए अब प्रकरण की जांच करवाने के उपरांत पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा इंदौर-इच्छापुर हाइवे, गड्ढों में गायब हुई सड़क

### ● नेताओं के आश्वासन के बावजूद हाइवे की समस्या जस की तस ● नगर के जागरूक युवाओं ने जनसुनवाई ने सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, बड़वाह।**

इंदौर इच्छापुर-हाइवे की बिगड़ती दुर्दशा के सुधार को लेकर सांसद और विधायक केवल आश्वासन देते दिखाई दे रहे है। जबकि हाइवे से गुजरने वाला हर व्यक्ति प्रदेश सरकार को कोसते नजर आ रहा है। लेकिन क्षेत्र के जिम्मेदार हमेशा आम जनता को आश्वासन देकर संतुष्ट करते दिखाई दे रहे हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार सुबह 11 बजे जनपद पंचायत में होने वाली जनसुनवाई में नगर के जागरूक युवाओं ने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम ज्ञापन एसडीएम बीएस कलेश को दिया। जिसमे युवाओं ने बताया कि हमारे नगर से गुजरने वाला इंदौर-इच्छापुर हाइवे अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा है। जबकि इस हाइवे पर आवागमन करने वाले सैकड़ों परिवार के सदस्यों की जान जा चुकी है। जिनका दर्द समझने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। वहीं इंदौर से बड़वाह मार्ग तक होने वाले सैकड़ों की तादात में गड्ढे वाहन चालकों की जान के दुश्मन बन चुके हैं। जिसके चलते इंदौर-



इच्छापुर हाइवे मार्ग पर आए दिन छोटे बड़े वाहन हादसे होने के साथ ही दो पहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस मार्ग पर जाम लगना भी अब आम बात हो चुकी है। वहीं यात्रियों के सफर की समय सीमा बढ़ चुकी है। युवाओं ने ज्ञापन के माध्यम से काटकूट फाटे से नर्मदा स्थित पुल तक के सड़क मार्ग का पुनः डामरीकरण करने की मांग की है। जबकि जनता के हित में होने वाले इस अत्यंत आवश्यक कार्य के नहीं होने की दशा में युवाओं ने आगामी दिनों में शहर में चक्काजाम करने की भी चेतावनी दी है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी। युवाओं ने कहा कि पूर्व में भी इस हाइवे मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर टेंडर स्वीकृत हुआ था। तभी किसी जिम्मेदार ने इस और संज्ञान नहीं लिया। जिसके बाद आज भी आम जनता इस हाइवे की समस्या से त्रस्त दिखाई दे रही है।

**सांसद पाटिल ने जल्द काम शुरू होने का दिया आश्वासन** – हालांकि इंदौर-इच्छापुर हाइवे की समस्या के निराकरण के लिए रविवार को बड़वाह आने के दौरान खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं विधायक सचिन बिरला ने भी मिडिया से चर्चा कर जल्द ही हाइवे के गड्ढे भरने एवं बड़वाह स्थित काटकूट फाटे से नर्मदा पुल तक के सड़क मार्ग के डामरीकरण और सड़क किनारे पटरियों को दुरस्त करने का आश्वासन दिया है। अब देखना वाली बात यह होगी कि क्या युवाओं के ज्ञापन और सांसद द्वारा दिए आश्वासन पर हाइवे का काम जल्द शुरू होगा या फिर आगामी दिनों में हाइवे की समस्या के निराकरण के लिए युवाओं को चक्काजाम करना पड़ेगा। इस दौरान राज वर्मा, भाल चंद्र तिवारी, सुशांत चौहान, अरविंद पगारे, राहुल पिंगेलकर सहित अन्य युवाओं और वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## न्यूज ट्रेक

# वालीबाल व कुश्ती में छात्र-छात्राओं ने दिखाए जौहर

### विद्यालय की प्राचार्य ज्योति बेक का किया सम्मान

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर के सीएम राईज विद्यालय परिसर में अनेक खेल प्रतियोगिता के आयोजन में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर दयानचंदजी की जयंती के उपलक्ष्य मे



खेल एवं युवा कल्याण विभाग व नेहरु युवा केंद्र द्वारा विकासखण्ड खातेगांव के शासकीय मॉडल सीएम राइज स्कूल में खेल प्रतियोगिता वॉलीबॉल व कुश्ती का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल दिवस की शुभकामनायें दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएम राइज स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ज्योति बेक व खेल प्रशिक्षक योगेश जाणी, रामसुख बेनीवाल, शरीफ शेख, आविद बेग, नवीन यादव, राहुल विनाकिया, निलेश पवार, संजना विंजवा, नेहा यादव, भूमिका, निलेश यादव आदि उपस्थित थे। आभार ब्लाक समन्वयक रीमा बछानिया ने माना।

# तेज रफ्तार मुरुम के डंपर ने ली युवक की जान

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** चन्द्रकेशर बांध स्थित राजस्व विभाग की जमीन से लगभग बड़े पैमाने पर खुदाई कर लाखों रुपए की मुरुम ठेकेदार जुनेजा ब्रदर्स खंडवा द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मार्ग कांटाफोड़ से




दोंगली निर्माणाधीन है, जिसमें रोड के लिए उपयोग में लाने वाली मुरुम प्रतिदिन 100 से 150 डंपर नित्यदिन बांध से आईटीआई रोड से जिनवानी ले जाई जा रही है। स्वयं के उपयोग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मुरुम ठेकेदार द्वारा बेची भी जा रही है। आज इसी घड़ी में तेज रफ्तार से मुरम लेकर जा रहे डंपर ने घर जा रहे घनश्याम पिता नारायण धुर्वे निवासी खेड़ा 40 वर्ष को रौंद डाला, जिसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# महिलाओं ने किया सामूहिक हरतालिका उद्यापन

**अनोखा तीर, देवास।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा स्वर्णकार समाज मंदिर शालिनी रोड सामूहिक हरतालिका तीज का 12 महिलाओं का उद्यापन



कराया गया। महिला मंडल के अध्यक्ष राजेश्री राजेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष हंसा देवराज सोनी के नेतृत्व में समाज के पंडित पवन शुक्ला व उनके साथी के द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। महिलाओं ने हरतालिका का पूजन कर सौभाग्य का आशीर्वाद लिया। उक्त जानकारी समाज सचिव डिंपल ललित सोनी ने दी।

# ग्रामीण बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने हुई शिक्षा ज्ञान प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, देवास।** सामाजिक कार्यकर्ता राकेश अचाले द्वारा बताया गया कि आज किशनगढ़ में डॉक्टर दिनेश सोलंकी के आतिथ्य में ग्रामीण बच्चों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए शिक्षा ज्ञान प्रतियोगिता के साथ कई रचनात्मक कार्यक्रम किए गए। शिक्षा ज्ञान



प्रतियोगिता में रोहन प्रथम तथा काजल द्वितीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सोलंकी द्वारा स्वस्थ कैसे रहे इस संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर शंकर कन्नौजे, मदन अचाले, जितेंद्र चोयल, लक्ष्मी चोयल, उमराव चौहान, महेश डोडवे, रतन अचाले उपस्थित थे। आभार राकेश अचाले ने व्यक्त किया।

# सांगते बने भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष

**अनोखा तीर, देवास।** भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखते हुए विधायक श्रीमंत गायत्रीराजे पवार, जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल की सहमति एवं पार्षद विनय सांगते की अनुशंसा पर भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय दायमा द्वारा उर्जावान कार्यकर्ता मोनू किशोर सांगते को अजा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू सांगते को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई दी गई।

# आज घर-घर विराजेंगे मंगलमूर्ति

### ● दस दिनों तक चलेगा उत्सव, होंगे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन



**अनोखा तीर, देवास।**

गणेश चतुर्थी पर घर-घर गणेश जी की प्रतिमाएं विराजित होंगी। प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया और घरों में तैयारियां जोर-शोर से चलती रही। शहर में सार्वजनिक स्थलों पर इस बार कई स्थानों पर प्रतिमाएं तो विराजमान होंगी। साथ ही अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। बुधवार से 10 दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव शुरू होने जा रहा है। गणेशोत्सव 31 अगस्त से 09 सितंबर तक चलेगा। जहां पर पहले दिन यानी भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर घर-घर भगवान गणपति विराजेंगे। 10वे दिन अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति बप्पा का विसर्जन भी किया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान गणेश का जन्म भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी को मध्याह्न काल में स्वाति नक्षत्र और सिंह लग्न में हुआ था। भाद्रपद गणेश चतुर्थी को विनाय चतुर्थी, कलंक चतुर्थी और डण्डा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में भगवान गणेश विद्या, बुद्धि, विघ्नहर्ता, विनाशक, मंगलकारी, सिद्धिदायक और समृद्धिदाता के प्रतीक हैं।

## बालक रूप में विराजेंगे श्री गणेश

शालिनी रोड स्थित युवा भगत सिंह क्लब द्वारा लगातार 35 वर्षो से धूमधाम से श्री गणेश जी की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। विधि-विधान से बप्पा की स्थापना के साथ प्रतिदिन विशेष अतिथियों द्वारा महाआरती और महाप्रसाद का वितरण होता है। आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ पंडाल के समीप झांकी का निर्माण किया गया है। क्लब के संरक्षक महाराज विक्रम सिंह पवार, रमेश अग्रवाल व क्लब अध्यक्ष मनीष जैन ने शहर की धर्म प्रेमी जनता से गणेश उत्सव को धूमधाम से मनाने की अपील की है। उक्त जानकारी क्लब संयोजक अशोक कहार ने दी।

# आदर्श विहार कॉलोनी के वाशिंदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### ● कॉलोनी में निर्मित पेयजल टंकी बनी शोपीस, मुख्य द्वार पर नहीं है सुरक्षाकर्मी
### ● कॉलोनी में नहीं है मूलभूत सुविधाएं, सड़कों पर अंधेरा होने से जहरीले जीव जंतु का भय

**प्रदीप साहू, खातेगांव।**

नगर में पिछले कुछ वर्षों से कालोनियों की बाढ़ सी आई हुई है। नगर व आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में जमीन खरीदकर उन पर कॉलोनी काटी जा रही है और मनमाने दाम में नागरिक एवं ग्रामीणों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं की एक लंबी श्रृंखला कॉलोनी वाले अपने प्रचार-प्रसार के दौरान बताते हैं और जब प्लाट बिकने के बाद कॉलोनी में विकास की बात आती है तो सबकुछ अंधेर नगरी चौपट राजा जैसा रहता है। नगर की अनेक कालोनियों में रहवासी अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नगर की आदर्श विहार कॉलोनी का खातेगांव एसडीएम कार्यालय पहुंचा। नगरी सीमा की अजनास रोड स्थित आदर्श विहार कॉलोनी में अव्यवस्था अराजकता एवं मूलभूत सुविधाओं के संकट से जूझ रहे कॉलोनीवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनी के सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश दुबे ने ज्ञापन का वाचन किया। जिसमें बताया कि रात्रि के समय कॉलोनी में पूर्ण रूप से अंधेरा छाया रहता है, जिससे बारिश के इन दिनों में जहरीले जानवर का भय रहता है। कॉलोनी के द्वार पर भी अंधकार बना हुआ है, जहां लाइट की व्यवस्था नहीं है। मुख्य द्वार के लिए कोई सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं है, जिससे कॉलोनी में चोरी का डर सताता है। पूर्व में शिक्षक शरद शर्मा के निवास पर चोरों ने हाथ साफ कर गए थे। कॉलोनी में बेसहारा पशु, कुत्ते, सूअर आदि की निरंतर आवाजाही से गंदगी गोबर, मूत्र आदि के कारण दुर्गंध और बरसात के इस मौसम में गंभीर रोग जन्म लेने वाली बीमारियां की संभावना बढ़ रही है। मूलभूत सुविधाओं अंतर्गत कॉलोनी में पेयजल व्यवस्था



पूर्णतः ध्वस्त है। कॉलोनी में निर्मित पानी की टंकी का उपयोग नहीं होने से जल वितरण की व्यवस्था प्रभावित है। कॉलोनी में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बड़ी संख्या में मच्छर एवं जहरीले जानवरों का डेरा बना हुआ है। इन दिनों मलेरिया आदि बुखार से ग्रस्त होने का अंदेशा कॉलोनीवासियों को बना है। चारों तरफ घास, खरपतवार आदि से भी जहरीले जानवर की संभावना ज्यादा रहती है।

**कॉलोनी में नहीं है कोई पूजा स्थल मंदिर-** कॉलोनी में देव मंदिर निर्माण की कोई पृष्ठभूमि तैयार नहीं की गई। मंदिर निर्माण से सुबह शाम आरती प्रार्थना आराधना के माध्यम से कॉलोनी में सद्भाव संगठन व समभाव के बीजारोपण होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। कालोनाइजर का इस कॉलोनी के विकास की ओर कोई ध्यान नहीं है। कानूनी नियम अनुसार कुल नियम आधारित विकास का कोई भी पहलू यहां दिखाई नहीं देता नाम मात्र का विकास कॉलोनी में है। लोगों ने अपने खून पसीने की कमाई से प्लॉट्स लेकर मकान निर्मित किए हैं। परंतु कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसको लेकर राजाराम कावले, धर्मेंद्र मौर्य, महेंद्र सिंह, शरद शर्मा, राजेश व्यास, शानंद जोशी, राजेश राजपूत, दिनेश गुर्जर ,गोविंद तवर, कैलाश शर्मा, सतीश व्यास आदि को एसडीएम की शरण में आना पड़ा।

**जिला मुख्यालय से दूरी अधिक होने का फायदा उठाते हैं कालोनाइजर -** नगर एवं आसपास कालोनियों में मूलभूत सुविधा के लिए नागरिक तरसते हैं। मनमाने दाम पर प्लाट बेचने के बाद कॉलोनियों की ओर कोई ध्यान नहीं देते। कई बार कॉलोनी के रहवासी शासन प्रशासन को ज्ञापन देते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से कालोनाइजर बेफिक्र रहते हैं। इसका मुख्य कारण जिला मुख्यालय से खातेगांव की दूरी अधिक होना बताया जा रहा है। क्षेत्र की अनेक जटिल समस्याएं जिला मुख्यालय से अधिक दूरी के कारण आज भी जस की तस बनी हुई है।

# ट्रैक्टर चोरी के आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर जब्त

### ● आरोपी पर चोरी के दर्जनों अपराध पूर्व से पंजीबद्ध

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

समीपस्थ हरणगांव थाना क्षेत्र के गनोरा से गत दिनों एक किसान के खेत वाले घर से अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर पर हाथ साफ कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी फिरोज पिता रज्जाक अली निवासी गनोरा थाना हरणगांव ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई थी कि नीले रंग का एक सोनालिका ट्रैक्टर एमपी 41 एसी 9112 का कोई अज्ञात चोर 22 अगस्त की रात्रि करीब 2 बजे चुराकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना हरणगांव में अपराध पंजीबद्ध किया गया और मामले को विवेचना में लिया गया। हरणगांव थाना प्रभारी अरविंद भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस




अधीक्षक शिवदयाल सिंह के मार्गदर्शन में एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एसडीओपी श्रीमती ज्योति उमठ के निर्देशन में हरणगांव थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद भदौरिया के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मोहन सिंह बघेल, रामचंद्र व्यास, जितेंद्र वर्मा, आरक्षक संजय सोलंकी, संदीप ठाकुर, गौतम, अशोक, बलराम, महेंद्र, सैनिक संदीप कुमार की टीम बनाकर अज्ञात आरोपियों की तलाशी की जा रही थी। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर जिसकी कीमत लगभग 6 लाख 30 हजार, घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक कीमत 50 हजार, दो मोबाइल ओप्पो कंपनी व एसईटीव्ही कंपनी का कीमती 20 हजार सहित कुल लगभग 7 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया। आरोपी आशु उर्फ आशीष पिता रामेश्वर उर्फ जंगली मेहार 26 वर्ष निवासी बिब्दा थाना रहटी जिला सीहोर हाल मुकाम सातदेव थाना नसरुल्लागंज, बालकृष्ण उर्फ बालू पिता धन्नालाल उर्फ रमेश जाति गोंड 33 वर्ष निवासी बजरंग कुटी नसरुल्लागंज जिला सीहोर के पास से उक्त सामग्री जब्त की।




# नगर निगम टीम ने जब्त की 50 किलो पॉलीथिन

**अनोखा तीर, देवास।** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली अमानक पॉलीथिन की जब्ती के लिए नगर निगम का अभियान चल रहा है। जहां भी अमानक पॉलीथिन का उपयोग किया जा रहा है, वहां नगर निगम की अलग-अलग टीम चालानी कार्रवाई कर रही है। गत दिवस नगर निगम की टीम ने अमानक पॉलीथिन की जब्ती के दौरान 18 चालान बनाए। निगम की टीमों द्वारा अलग-अलग कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए टीम के सदस्य नियमित रूप से शहर के बाजारों में भ्रमण कर रहे हैं। एसआई हेमंत उबनारे, ओमप्रकाश पथरोड़ एवं दरोगा विजयसिंह सांगते ने एक स्थान पर 50 किलो अमानक पॉलीथिन जब्त की और 1 हजार 800 रुपए का चालान बनाया। इसी प्रकार स्वच्छता निरीक्षक राजेश सांगते, अनिल खरे, भूषण पंवार की टीम ने भी चालानी कार्रवाई की। इन सभी प्रकरणों में 6 हजार 900 रुपए की चालानी राशि वसूली गई। पर्यावरण संरक्षण व आमजन के स्वास्थ्य को देखते हुए नगर निगम द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई सतत की जाएगी।

# पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से की पिटाई, युवक की मौत

### एसपी ने एएसआई सहित 3 पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**अनोखा तीर, देवास।** जिले में फेरी लगाकर मसाला बेचने वाले मुकेश नामक युवक की पुलिसकर्मियों द्वारा बेरहमी से की



गयी पिटाई से मौत हो गई। पुलिस की पिटाई से युवक की मौत का यह मामला खासा गर्मा गया है। पुलिस की पिटाई से मौत का मामला बढ़ता देख एसपी ने बड़ा एक्शन लिया है। एसपी डॉ. शिव दयाल सिंह ने औधोगिक क्षेत्र पुलिस थाने में तैनात 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एसपी ने जिन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया है। उसमें एएसआई देवेंद्र चौहान, प्रधान आरक्षक सतीश सिकरवार और आरक्षक विकास पटेल शामिल हैं। गौरतलब है कि इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में रहने वाले मुकेश भाट और उसके साढू ईश्वर फेरी लगाकर मिर्ची-मसाला बेचने का धंधा करते थे। नकली मिर्ची मसाला बेचने के आरोप में देवास की औधोगिक क्षेत्र थाना पुलिस शनिवार को थाने ले आई थी। रविवार सुबह मृतक के परिजनों को फोन पर सूचना दी गई थी कि मुकेश की हालत खराब है, उसे अस्पताल ले जाओ उसके बाद परिजन पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले गए, जहां से मुकेश को इंदौर रेफर कर दिया था। इंदौर के अस्पताल में मुकेश की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से युवक की मौत होने और पुलिस पर पैसे मांगने के गम्भीर आरोप लगाए थे। सोमवार को घायल ईश्वर और परिजन एसपी ऑफिस पहुंचकर जमकर हंगामा किया था। घायल युवक के जख्म के निशान भी दिखाए गये थे। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक युवक मुकेश की उसके गृहनगर मंदसौर जिले के शामगढ़ के करीब मेलखेड़ा ग्राम में भी अंत्येष्टि के दौरान जमकर हंगामा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी।

# भागवत कथा साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है वही साक्षात भागवत है : पं. उपाध्याय

### - कथावाचक भक्तों को आज बताएंगे गणेश उत्सव का महत्व

**अनोखा तीर, देवास।** श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। इसके लिए मनुष्य को निर्मल भाव से कथा सुनने और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण हैं वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। उक्त उद्गार ग्राम बाड़ोली में चल रही श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय विस माँ कामाख्या मातृशक्ति धाम के पंडित आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय ने व्यक्त किए। नेशनल यूनिटी ग्रुप के अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि कथा में स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीण भक्तजन बड़ी संख्या कथा श्रवण करने आ रहे है। कथा के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जा रही है, जिसमें मातृशक्ति व श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य कर रहे है। व्यासपीठ की आरती पं. संतोष कुमार नागर, पं. प्रकाश नागर एवं केके शर्मा ने की। कथा में बुधवार को गणेश वंदना के साथ गणेशोत्सव का महत्व बताया जाएगा। साथ ही शिव पार्वती विवाह होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चल रही है, जिसकी पूर्णाहुति 3 सितंबर को होगी।



## न्यूज ट्रेक

### भाजपा नेता सहित 15 लोगों को सजा, प्राण घातक हमले के मामले फैसला

**अनोखा तीर, बैतूल।** भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य तपन विश्वास और उनके भाई सहित 15 लोगों को 5 साल की सजा सुनाई गई है। बैतूल के तृतीय अपर सत्र जिला न्यायाधीश ने 10 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए 15 लोगों को 5 साल की सजा सुनाई है। 10 अगस्त 2012 को चोपना थाना क्षेत्र के आमडोह गांव में सतरंजन बढ़ई के घर मे 25 से 30 लोग हथियार लेकर घुस गए थे। इस दौरान इन लोगो ने सतरंजन बढ़ई, प्रवीर बढ़ई, सपना और रमा पर हमला कर दिया। हमले में चारों लोग बुरी तरह



घायल हो गए थे। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में तपन विश्वास, सपन विश्वास और संजय विश्वास तीनों भाइयों के अलावा अन्य 23 लोगों के खिलाफ धारा 307, 25 आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। फरियादी पक्ष की ओर से पीयूष बढ़ई ने बताया कि 2010 में मैं पंचायत सचिव था और उस समय तपन विश्वास जिला पंचायत सदस्य थे। इसके कारण पंचायत में अनैतिक कार्य करवाने के लिए दबाव बनाते थे। उनके अनैतिक कार्य नहीं करने के कारण वह हमसे और हमारे परिवार से रंजिश रखते थे। इसी को लेकर उन्होंने हमारे परिवार के ऊपर हमला किया था। समय भले ही लग गया लेकिन हम लोगों को न्याय मिला है। फरियादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने बताया कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद पीड़ित पक्ष को न्याय मिला है। इस फैसले से लोगों में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इस मामले में नारायण विश्वास, माणिक मंडल, खोकन बढ़ई, साधन दास, मनोज माली, खोकन उर्फ बाबू लाल चक्रवर्ती, नेपाल ढाली, कृष्ण पद मंडल, आशीष दत्ता, नीतीश सरकार, वासुदेव चक्रवर्ती, तपन विश्वास, संजय विश्वास, सपन विश्वास, गणेश मजूमदार को सजा हुई है।

**सात धाराओं में हुई सजा**– अभियोजन के अनुसार अदालत ने इस मामले में धारा 307 के तहत के तहत हत्या के प्रयास के आरोप में सभी 15 आरोपियों को 5 वर्ष की सश्रम कारावास और दो–दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा धारा 325 में 2 साल का सश्रम कारावास, धारा 452 में 2 साल का सश्रम कारावास, धारा 323 में 6 माह का कारावास। जबकि बलवा करने पर छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तपन उसके भाई संजय और सपन को आर्म्स एक्ट के तहत 1 साल की सश्रम की सजा सुनाई है।

### संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में शुभम ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल में किया गया। जिसमें भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त 8 प्रतिभागियों ने व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीय




शिक्षा नीति 2020 विषय पर निबंध लिख कर भाग लिया भाग लिया। जिसमें सुरुचि काले शासकीय जेएच महाविद्यालय बैतूल ने प्रथम स्थान, शुभम राजपूत शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा ने द्वितीय स्थान एवं नीलम शर्मा शाससकीय महाविद्यालय लाड़कुई ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को डॉ. नीरज अग्निहोत्री प्राचार्य शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा, डॉ. महेंद्र मेहरा संभागी नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, डॉ. अशोक शर्मा प्राध्यापक सैन्य विज्ञान अतिरिक्त क्षेत्रीय संचालक कार्यालय भोपाल, जिला नोडल अधिकारी डॉ. संगीता अहिरवार, टीपीओ अनुजा गुप्ता, मार्गदर्शी प्राध्यापक रमाकांत सिंह एवं महाविद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्म बल एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### गैंग रेप के 3 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**- एक फरार आरोपी की तलाश जारी**

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले के चिचोली थाना क्षेत्र में युवती से सामूहिक बलात्कार के 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। इधर गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने चिचोली नगर में जुलूस निकाला। मंगलवार को एसपी सिमाला प्रसाद ने भी मौका मुआयना कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की हिदायत दी थी। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को पीड़िता ने रिपोर्ट की थी कि वह 23 अगस्त की शाम करीब 5.30 बजे उसका भाई बैतूल जाने के लिए बस स्टैंड पाटाखेडा छोड़ने के लिए आया था। वहां पता चला कि चिचोली के लिए



बस नहीं है। उसी बीच ग्राम जामुनढाना पाटाखेड़ा का ओझा अपनी कार से तथा उसके साथ तीन लोग उसे घर छोड़ने का बोलकर लेकर गए। इस बीच छोटी चंडी मंदिर के पास अपनी कार रोककर मंदिर के आगे रोड के किनारे मक्के के खेत में बने टपरे में ले गए थे। वहां पर चारों आरोपियों ने उसकी इच्छा के विरुद्ध बलात्कार किया। रिपोर्ट पर थाना चिचोली में धारा 376 (डी), 506 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। घटना के 24 घंटे के भीतर ही प्रकरण के आरोपी ओझा पिता मुंशी बटके, सालिकराम पिता सोमल बटके और कालिया पिता लिंगू बटके सभी निवासी जामुनढाना को गिरफतार किया गया। फरार आरोपी राहुल मर्सकोले की तलाश हेतु टीम रवाना की गई है। इधर गिरफ्तार किए गए आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला। इससे पूर्व आज पुलिस अधीक्षक सिमाला द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जिसमें फरियादी युवती भी उपस्थित रही। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद ने पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता श्री गणेश

## ● 2 साल बाद गणेश चतुर्थी के लिए सज गया बाजार



**अनोखा तीर, भौरा।**

नगर में 2 साल बाद गणेश चतुर्थी के लिए बाजार तैयार है। कोरोना संक्रमण के कारण त्यौहारों में न तो उत्साह नजर आ रहा था और ना ही बाजार सही तरह से सज रहे थे। लेकिन इस बार अच्छे व्यापार के साथ-साथ हर्षोल्लास के साथ गणेश उत्सव मनाया जाएगा।

इन दिनों गणेशोत्सव को लेकर बाजार में खासा उत्साह है। क्षेत्र में 6 इंच से 5 फीट की गणेश प्रतिमाएं बनी है जो 50 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक है। यहां के कलाकारों द्वारा बनाई गई मूर्तियों की फिनिशिंग काफी अच्छी रहती है जो काफी पसंद की जाती है। इसलिए भोपाल, इटारसी, इंदौर, नर्मदापुरम सहित अन्य शहरों में मिट्टी से बनी मूर्तियां लेने लोग आ रहे हैं। कई लोगों ने 2 माह पहले ही आर्डर बुक किए थे।

इस समय क्षेत्र के अधिकांश बाजार गणेश प्रतिमाओं से सजे हुए है। कहीं 6 इंच से 2 फीट तो कहीं 5 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं तैयार है। स्थानीय कलाकारों ने गणेश जी की प्रतिमाओं को कई स्वरूप दिए हैं। गणेश जी के विभिन्न रूप में बनी प्रतिमाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि 2 साल बाद अच्छे व्यापार की उम्मीद है। हर साल विभिन्न शहरों में प्रतिमाएं ले जाई जाती है। यहां के कलाकारों द्वारा बनाई गई मूर्तियों की फिनिशिंग काफी अच्छी रहती है, जो काफी पसंद की जाती है। जगह-जगह ठेलों पर भी गणेश जी की छोटी मूर्तियां बिक रही है।

### तवा नदी में नहाने गए 2 नवयुवक डूबे, जांच में जुटी टीम

**अनोखा तीर, माखननगर।** क्षेत्र के रजोन स्थित तवा नदी में दो बालक डूब गए। दोनों बालकों की तलाश जारी है। सभी बालक कीर समाज के हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक रजौन के 6 बालक तवा नदी में नहाने गए थे। 5 बालकों को तैरना आता था और एक बालक जिसे तैरना नहीं आता था वो भी कम पानी में ही नहाने लगा था।



लेकिन बालक विपिन नहाते नहाते गहरे पानी में चला गया। जिसे बचाने सूरज, उत्तम और पिंटू कीर गए। उनके द्वारा डूब रहे बालक को तो बचा लिया गया, लेकिन बचाने गए पिंटू दायमा और उत्तम दायमा डूब गए। जिनकी तलाश जारी है। पुलिस, ग्रामीण और एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रहे हैं।

### इस वर्ष खास रहेगा गणेश चतुर्थी का महापर्व

अनोखा तीर, भौरा। इस साल गणेश चतुर्थी का महापर्व बहुत खास रहने वाला है। गणेश चतुर्थी पर करीब दस साल बाद एक विशेष संयोग बनने जा रहा है। इस संयोग में जो लोग भगवान गणेश की विधिवत पूजा–अर्चना करेंगे, उनकी सभी मनोकामानाएं जल्द पूरी होंगी। साथ ही भगवान गणेश की विशेष कृपा भी उन पर होगी। गणेश चतुर्थी हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है। इसे विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी 31 अगस्त को पड़ रही है। इस दिन भगवान गणेश के भक्त उनकी प्रतिमा घर लाकर उसकी स्थापना करते हैं। पंडित कृष्ण कुमार अग्निहोत्री का कहना है कि इस साल गणेश चतुर्थी पर एक ऐसा दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, जैसा भगवान गणेश के जन्म के समय बना था। पंडित अग्निहोत्री ने बताया कि ग्रहों का ऐसा अद्भुत संयोग आज से करीब 10 साल पहले 2012 में बना था। गणेश पुराण में बताया गया है कि गणेश का जन्म भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को दिन के समय हुआ था। उस दिन शुभ दिवस बुधवार था, इस साल भी कुछ ऐसा ही संयोग बन रहा है। इस साल भी भाद्र शुक्ल चतुर्थी तिथि बुधवार को दिन के समय रहेगी। 31 अगस्त को उदिया कालीन चतुर्थी तिथि और मध्याह्न व्यापिनी चतुर्थी होने से इसी दिन विनायक चतुर्थी का व्रत–पूजन सर्वमान्य होगा। इस शुभ संयोग में गणपति की पूजा करना भक्तों के लिए बेहद कल्याणकारी होगा। गणेश की पूजा–पाठ करने से जो भी विघ्न–बाधाएं आ रही हैं, वो दूर होंगी और निश्चित तौर से लाभ होगा। गणेश चतुर्थी पर रवि योग भी रहेगा, जैसा कि 10 वर्ष पहले भी था।

#### गणेश पूजा शुभ मुहूर्त

अमृत योग : सुबह 07 बजकर 05 मिनट से लेकर 08 बजकर 40 मिनट तक
शुभ योग : सुबह 10 बजकर 15 से लेकर 11 बजकर 50 मिनट तक

**पूजा में इन चीजों को करें शामिल**– गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को कुछ खास चीजें अर्पित करने से विशेष लाभ मिलता है। ऐसा कहते हैं कि इस दिन हल्दी, नारियल, मोदक, सुपारी, गेंदे का फूल, केला आदि चढ़ाने से गणपति प्रसन्न होते हैं। घर में सुख–समृद्धि बढ़ती है और जीवन में चल रही मुश्किलें खत्म होती हैं।

## सीएफएन संदीप उइके की मौत, आज होगा अंतिम संस्कार

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** नगर से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पालादेवरी तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम निवासी संघर्ष के पर्याय सीएफएन संदीप कुमार ऊइके 129 वर्कशाप ईएमई झांसी की मौत हो गई है। स्थानीय चौकी प्राभारी मानवेन्द्र भदोरिया ने बताया कि झांसी ६३१ वीं बटालियन से जानकारी प्राप्त हुई



कि किन्हीं कारणों से संदीप उइके की मौत हो गई है। जिनका शव आज लाया जा रहा है। संदीप कुमार की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में दुख का माहौल व्याप्त है। उइके को सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी जाने लगी। संदीप कुमार उईके के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी ना होने के बाद भी उन्होंने अपनी पढ़ाई–लिखाई पूरी की और अपनी मेहनत के दम पर इंडियन आर्मी में सिलेक्शन लिया। वह हमेशा गांव के युवा पीढ़ी को कहते थे कि परिस्थितियां कैसी भी हों। आप मेहनत करो परिश्रम के बल पर आपको विजय अवश्य मिलेगी। आज उनका पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि युवाओं को प्रेरणा देने वाले काका भाई हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन उनकी ये शहादत हम क्षेत्रवासियों को सदैव अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ रहने की सीख देती रहेगी।

### आज अपने गांव ले जाया जाएगा संदीप का पार्थिव शरीर

संदीप कुमार उईके की अंतिम यात्रा सेमरी हरचंद के रामलीला मैदान से पीपल चौक होते हुए उनके ग्राम पंचायत कार्यालय पालादेवरी तक निकाली जाएगी और वहीं वीर शहीद के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी जाएगी। यहां ग्रामवासियों द्वारा उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

## कलेक्टर के बगैर परमिशन खुल गई शराब दुकान

### आबकारी अधिकारी को भी नहीं है जानकारी

राधेश्याम सिन्हा, बैतूल।

जिला आबकारी विभाग में एक करोड़ 34 लाख की गड़बड़ी होने का मामला अभी सूलझा नहीं है और दूसरा मामला अवैध शराब दुकान संचालित करने का सामने आया है। कलेक्टर से बगैर परमिशन के ग्राम पंचायत भड़ूस अंतर्गत संचालित अंग्रेजी शराब दुकान इसी ग्राम पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित मानेकर ढाबा के पास खुल गई। जिसमें खास बात यह है कि इसकी जानकारी जिला आबकारी अधिकारी को भी नहीं है। यानी यह कहा जाए कि उक्त शराब ठेकेदार के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसने शराब दुकान को स्थानांतरित करने के लिए आबकारी एक्ट को जहां ताक पर रख दिया। वहीं जिला अबकारी अधिकारी और कलेक्टर की भी उन्हें कोई परवाह नहीं है, या फिर यह कह सकते हैं कि बैतूल के जिला आबकारी अधिकारी का शराब ठेकेदारों पर कोई नियंत्रण नहीं है। जानकारी के मुताबिक बैतूल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत भड़ूस और ग्राम पंचायत खेड़ी सावली गढ़ अंतर्गत दो अंग्रेजी शराब दुकान देव आशीष सोनी द्वारा संचालित हैं और शराब ठेकेदार श्री सोनी द्वारा इन दोनों शराब दुकानों को संचालित करने में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक अंग्रेजी शराब दुकान राष्ट्रीय राजमार्ग से 220 मीटर दूर होना चाहिए। लेकिन ग्राम पंचायत खेड़ी सावलीगढ़ में इस नियम का पालन नहीं किया गया है। वहीं ताजा खबर के अनुसार ग्राम पंचायत भड़ूस में जो शराब दुकान ग्राम रौंडा मार्ग में संचालित थी। उसे बगैर परमिशन के राष्ट्रीय राजमार्ग में मानेकर ढाबा के पास खोल दी गई है। इसकी सूचना आबकारी विभाग को भी देना उचित नहीं समझा है। इससे साफ जाहिर है कि बैतूल जिले में आबकारी विभाग का कोई वजूद नहीं रह गया है। जिसकी वजह से शराब ठेकेदार मनमाफिक जहां चाहें वहीं शराब दुकान खोल दे रहे हैं। जबकि आबकारी एक्ट के अनुसार कोई भी शराब दुकान चतुर सीमा के तहत तय स्थान में ही खोली जाती है। जिसमें भी मंदिर, मस्जिद, स्कूल एवं हॉस्पिटल आदि को देखकर ही तय किया जाता है और फिर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से कम से कम 220 मीटर दूर ही शराब दुकान खोल सकते हैं। लेकिन ग्राम पंचायत खेड़ी में संचालित शराब दुकान राष्ट्रीय राजमार्ग से 220 मीटर की दूरी से कम पर संचालित है। वहीं ग्राम पंचायत भडुस अंतर्गत मानेकर ढाबा के पास खोल दी गई शराब दुकान 220 मीटर तो बहुत दूर 20 मीटर की दूरी भी नहीं है।

**कलेक्टर की परमिशन से होता है स्थान परिवर्तन** – आबकारी एक्ट के अनुसार विशेष परिस्थितियों में शराब दुकान का स्थानांतरण कलेक्टर की



फाईल फोटो

परमिशन से ही होता है और इसके लिए विधि संगत आबकारी विभाग में संबंधित ठेकेदार द्वारा आवेदन दिया जाता है। लेकिन बगैर परमिशन के ही शराब दुकान खोल दी गई है। जिसके तहत शराब दुकान खोले जाने की सारे निर्धारित नियमों का पालन किया जाता है। लेकिन इस शराब दुकान के बारे में यह कहा जाए कि मानेकर ढाबा के पास शुरू कर दी गई शराब दुकान पूर्णतः अवैध है। जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल दुकान को सील कर जब्ती की कार्रवाई आबकारी विभाग द्वारा की जानी चाहिए थी।

#### इनका कहना है

बैतूल–इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग में मानेकर ढाबा के पास शराब दुकान खुलने की मुझे जानकारी नहीं है। शराब दुकान विधि संगत खोली जा सकती है। अगर इस तरह शराब दुकान बगैर परमिशन खोल दी गई है, तो कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के लिए कल दरोगा को भेजता हूं। इसमें बड़ी पेनाल्टी लग सकती है। क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग में शराब दुकान खोले जाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश जो जारी है उसका पालन करना जरूरी है।

– विनोद कुमार खटीक, जिला अबकारी ऑफिसर बैतूल।

## नगरपालिका के सामान्य प्रशासन विभाग की हुई बैठक

**अनोखा तीर, इटारसी।**

स्थानीय नगरपालिका में जब भी कोई नागरिक समस्या लेकर या अपने अन्य काम कराने आए तो वह लौटते समय मुस्कुराता हुआ वापस जाए,

### नपा में लगेगी शिकायत पेटी, अध्यक्ष और सभापति के पास रहेगी चाबी

ऐसी कार्य पद्धति अपनानी होगी। आपका आचरण नागरिकों के प्रति अच्छा हो। यह बात नगर पालिका के सामान्य प्रशासन विभाग के सभापति मंजीत कलोसिया ने नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों से कही। वे



सभापति बनने के बाद पहली बार बैठक ले रहे थे। बैठक में समिति सदस्य पार्षद श्रीमती मनीषा अग्रवाल, अमित कापरे, संजय ठाकुर, शुभम गौर, अमित विश्वास, कुंदन गौर मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी व अन्य विभाग के कर्मचारी-अधिकारी मौजूद थे। सभापति मंजीत कलोसिया ने बैठक में कहा कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे की मंशा यह कि कोई भी व्यक्ति नगर पालिका से निराश होकर नहीं जाए। काम समय सीमा में हों और आवेदन जमा करते वक्त ही सारे दस्तावेज चेक करके ही उसे जमा करें। श्री कलोसिया ने कहा कि जब हितग्राही कुछ दिन बाद आता है तो आप उसे कहते हैं फलां फलां दस्तावेज कम है, इसलिए आपका काम नहीं हुआ। अब तक जो हो रहा था ठीक है लेकिन अब ऐसा न हो। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नपा ने शिकायत पेटी लगाने के निर्देश भी दिए गए।

#### बैठक में यह दिए निर्देश

हितग्राहियों के प्रति हमारा व्यवहार अच्छा हो। शिकायत पेटी लगाई जाए, जिसमें अधिकारी–कर्मचारी से संबंधित शिकायत शिकायत पेटी में डाली जाएगी, जिसकी चाबी अध्यक्ष व सभापति के पास रहेगी। हर विभाग का नाम व नंबर होगा, जिसका इंडेक्स नगरपालिका के मुख्य द्वार पर होगा। हर विभाग अपना रजिस्टर मेंटेन करे। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। आदर्श नगरपालिका का उदाहरण पेश करते हुए सभी यूनिफॉर्म में आएं व प्रत्येक के नाम का आईकार्ड हो।

## खेल दिवस पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया कोच एवं स्पोर्टस टीचर का सम्मान

**- शिक्षक दिवस पर नपा करेगी खेल शिक्षकों का सम्मान : नपाध्यक्ष**

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले इटारसी के खेल शिक्षक, कोच, खेल प्रमोटर का सम्मान किया गया। जीनियस प्लानेट स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय उपस्थित थे। साथ ही एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शिव भारद्वाज, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी एवं राष्ट्रीय कैरम खिलाडी यूनिस सिद्दीक़ी, नगर अध्यक्ष जाफ़र सिद्दीकी, सचिव नीलेश जैन, कोषाध्यक्ष नटवर पटेल भी मंच पर आसीन थे। सम्मान समारोह में हॉकी से कोच कन्हैया गुरयानी सचिव डीएचए, युवाओं के लिए प्रेरणा बने राजू मामू हरदुआ तथा गरीबा उस्ताद, क्रिकेट से कोच कॉमेंटेटर राकेश पांडेय, क्रिकेट प्रमोटर अमित जैसवाल, राजीव दुबे एवं चेतन राजपूत, फुटबॉल कोच भागवत राजपूत, कृष्णा साहू एवं अरविन्द सिंह ठाकुर



तथा वॉलीबाल कोच अशोक साहू का सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मुख्यअतिथि पंकज चोरे ने कहा कि इस वर्ष नगर पालिका द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह में खेल शिक्षक एवं कोच का भी सम्मान किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने विभिन्न खेलों के कोच, खिलाड़ी एवं प्रमोटर का सम्मान किया। उन्होंने सम्मानित हुए जनों को शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष शिव भारद्वाज ने बताया कि एसोसिएशन आगामी दिनों में शिक्षक सम्मान समारोह का भी आयोजन करेगा। नगर अध्यक्ष जाफ़र सिद्दीकी ने कहा कि खेल शिक्षक हमेशा एवं कोच हमेशा सम्मान से रह जाते हैं। जबकि किसी खिलाड़ी को बनाने में इनका सबसे बड़ा योगदान होता है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष जागृति भदोरिया, पार्षद राहुल प्रधान, सत्यम अग्रवाल, नीलेश चौधरी भी उपस्थित थे। संचालन मनीता सिद्दीकी ने और आभार प्रदर्शन सचिव नीलेश जैन ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष नटवर पटेल, लोकेंद्र साहू, घनश्याम शर्मा, चिंटू जैन, मनोज पटेल व एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

## विकास की बात | स्वर्णिम नीतियों से समृद्ध बनता मध्यप्रदेश

# जनता को सुगमता से लोक सेवाओं की सुविधा

सुशासन की आठ प्रमुख विशेषताएं हैं। यह आम सहमति, जवाबदेही, भागीदारी, पारदर्शी, उत्तरदायी, प्रभावी एवं कुशल, न्यायसंगत और समावेशी होने के साथ-साथ कानून के शासन का अनुसरण करता है। हमारा मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुशासित लोक-कल्याणकारी प्रबंधकीय अवधारणा को साकार करने के लिए संकल्पित है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विकास के लिए संकल्प और लगन आम लोगों को विश्वास दिलाता है कि वे ऐसे विकास के साथ लोगों की तरक्की और खुशहाली के कामों को कर सकते हैं। उनकी मंजिल है आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश। ऐसा प्रदेश जो देश का अग्रणी प्रदेश हो, जहां हर परिवार के पास रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई और रोजगार हो।

श्री चौहान हर रूप में, हर समय जनसेवा और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए समर्पित हैं। सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना के अनुरूप वे दलबंदी, मत-मतान्तर, धर्म-जाति, वर्ग और समुदाय से परे सबके मंगल, सबके कल्याण, सबके निरोगी होने के कार्य के कठिन व्रत को पूरा करने में जुटे हैं।

सरकार में जनता के विश्वास को और अधिक मजबूती देने के उनके प्रयास लगातार जारी हैं। वंचितों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए समर्पित श्री चौहान के लिए कोई भी वर्ग भूला-बिसरा नहीं है। किसानों, गरीब, महिला, युवा, जनजातीय, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य और श्रमिक वर्ग के दुख-दर्द को दूर करने के लिये हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, सरकार और समाज को विकास के कामों में साथ ला रहे हैं।

उन्होंने मध्यप्रदेश में शासकीय कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में सरकार के साथ जन-भागीदारी का अनूठा उदाहरण देश में प्रस्तुत किया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह प्रक्रिया भविष्य में समृद्ध प्रशासनिक परम्परा बनेगी। एकात्म मानववाद की अवधारणा से दीक्षित-संस्कारित श्री चौहान अपनी कथनी-करनी को एकात्म कर आज प्रदेशवासियों की आशा और विश्वास के ऐसे सफल प्रतीक है, जो संकल्पसिद्ध और कर्मसिद्ध है।

## सरकार की सुशासन की अवधारणा

मुख्यमंत्री श्री चौहान की सुशासन की अवधारणा है 'जनता को बिना लिए-दिए समय पर बिना किसी असुविधा के लोक-सेवाएं प्रदान करना।' इस अवधारणा को मध्यप्रदेश में मूर्तरूप दिया गया है। वर्ष 2010 में सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए लोक सेवा गारंटी कानून को मध्यप्रदेश में लागू किया गया। प्रदेश में इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और आधुनिक तकनीकी के भरपूर उपयोग से कम से कम समय में सुगमता के साथ जनता को लोक-सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम जन-सेवा योजना से जनता को उनके मोबाइल फोन पर ही खसरे की नकल जैसी सुविधाएं तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कुछ सेवाओं के लिए प्रावधान कर क्रांतिकारी कदम है।

*राजस्व प्रशासन में लोकोन्मुखी सेवाओं की संख्या अधिक होने से यह विभाग नवाचारों का केन्द्र-बिन्दु रहा है। इन नवाचारों की विशेषताएं हैं, जनता के हित में कानूनों, नियमों एवं प्रक्रियाओं में संशोधन एवं उनका सरलीकरण, आधुनिक तकनीकी का प्रभावी प्रयोग, लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाइजेशन जैसे कार्यक्रमों से अभिलेखों का डिजिटाइजेशन और कॉल-सेंटर, मोबाइल एप जैसे सेवा प्रदाय के नए साधनों का प्रयोग।*

### साइबर तहसील बड़ा नवाचार

प्रदेश में आविवादित नामांतरण की सुविधा को आवेदक के अनुकूल बनाये जाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग द्वारा साइबर तहसील का नवाचार आरंभ किया है। इसमें पूर्णतः तकनीकी आधारित नवीन संकल्पना का अनुकरण किया गया हैं। यह प्रदेश में साइबर तहसील पायलट के रूप में शुरू की गई है।

- साइबर तहसील के माध्यम से जनता भूमि का नामांतरण पारदर्शी पूर्ण, त्वरित गति से तहसील न्यायालय में बिना उपस्थित हुए करा सकेंगे।
- साइबर तहसील की संपूर्ण प्रक्रिया प्रारंभ से लेकर अंतिम आदेश तक तकनीकी फेसलेस है।
- विक्रय विलेख (सम्पूर्ण रकबा) निष्पादन पश्चात नामांतरण प्रकरण के पंजीयन से अंतिम आदेश/राजस्व अभिलेखों में अमल की सम्पूर्ण प्रक्रिया औसत 15 कार्य दिवस में पूर्ण होना।

### उपलब्धि

29 अगस्त 2022 तक साइबर तहसील हेतु योग्य प्रकरण 733 प्राप्त हुए, जिनमें से 621 प्रकरणों में अंतिम आदेश एवं राजस्व अभिलेखों में अमल किया जा चुका है।





### अब भू-अभिलेखों की डिजिटल उपलब्धता

जनता के लिये भू-अभिलेखों की डिजिटल उपलब्धता बड़ी सफलता है। जनता को घर बैठे ऑनलाइन आवेदन, लोक सेवा केन्द्र/एमपी ऑनलाइन कियोस्क से आवेदन, तहसील कार्यालय के आईटी सेंटर में आवेदन एवं सीएम हेल्पलाइन कॉल-सेंटर 181 पर कॉल करने पर भू-अभिलेखों की डिजिटल उपलब्धता हो जाती है।

**डायवर्सन ऑनलाइन:** भूमि का डायवर्सन भी पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके लिए जनता को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर डायवर्सन राशि का ऑनलाइन भुगतान करना होता है।

### मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना: 11.60 लाख आवेदनों की जांच

प्रत्येक परिवार को न्यूनतम मूलभूत आवश्यकताओं के साथ प्रतिष्ठापूर्ण जीवन यापन करने का अधिकार है। राज्य की आवासीय योजनाओं का हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड प्राप्त होने पर ही वास्तविक रूप से लाभ प्राप्त हो सकता है। आवासीय भू-खण्ड प्राप्त होने पर शासकीय योजनाओं एवं बैंक से आवास ऋण प्राप्त करने में सहायता हो सकती है। अत: राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में आबादी क्षेत्र की भूमि पर पात्र परिवारों को आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना 28 अक्टूबर 2021 से आरंभ की गई है। आज दिनांक तक की स्थिति में योजनांर्गत लगभग 13.32 लाख आवेदन सारा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से लगभग 11.60 लाख आवेदन पत्रों की संयुक्त जांच पूर्ण की जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना 30 वर्ष के लिए स्थायी पट्टा

नगरीय भू-अधिकार योजना दिनांक 24 सितम्बर 2020 से प्रदेश में लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में स्थित शासकीय भू-खंडों के ऐसे अधिभोगियों को, जो उनके अधिभोग में दिनांक 31 दिसंबर 2014 या उसके पूर्व निर्विवाद रूप से आधिपत्य में रहे हैं और वर्तमान में भी आधिपत्य में चले आ रहे हैं, चिन्हांकित कर निर्धारित प्रब्याजी एवं भू-भाटक पर 30 वर्षीय स्थायी पट्टे पर जारी किया जाना हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे भू-भाग जो नगरीय निकाय के गठन अथवा विस्तारण के समय किसी ग्राम की आबादी का भाग रहा है, ऐसे भू-भाग के अधिभोगियों को योजना के अंतर्गत भूमि-स्वामी अधिकार पत्र प्रदाय किया जाएगा, जिस पर नियमानुसार भू-राजस्व देय होगा। योजना में 19 मई 2022 को प्रदेश में 4226 भू-अधिकार पत्र / स्थायी पट्टा वितरण मुख्यमंत्री जी द्वारा किए जाने का कार्यक्रम किया गया था।

## भू-अधिकार पुस्तिका ऑनलाइन

पूर्व में आयुक्त भू- अभिलेख द्वारा प्रदेश के जिलों में ऋण पुस्तिका का आवंटन शासकीय मुद्रणालय से छपाई उपरांत प्रदाय किया जाता था। इसके बाद पटवारियों के माध्यम से किसानों को हार्ड कॉपी के द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदाय की जाती थी, जिसमें किसानों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। किसानों की परेशानी को देखते हुए इस प्रक्रिया को विभाग द्वारा सरल एवं सुगम बनाया गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (संशोधन) 2018 के लागू होने से प्रदेश के समस्त कृषकों को ऋण पुस्तिका के स्थान पर भू-अधिकार पुस्तिका को ऑनलाइन माध्यम से वितरण कराये जाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिससे किसान ऑनलाइन माध्यम / एम. पी. ऑनलाइन / मोबाईल पर स्वयं ही भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त कर रहे हैं। इसमें अल्प समय में ही प्रदेश के 08 लाख से अधिक किसानों द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका डाउनलोड की गई हैं।

### डिजिटल नक्शा एवं अभिलेख

प्रदेश के नगरेत्तर क्षेत्र की भूमि का आधुनिक तकनीक से सर्वेक्षण कर डिजिटल नक्शा एवं अभिलेख तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राइमरी सेकण्ड्री एवं टर्शियरी कन्ट्रोल प्वाइन्ट्स की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**सभी पुराने भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण (वित्तीय वर्ष 2021)** भू-अभिलेख कम्प्यूटरीकरण में प्रदेश विगत दो वर्षो से देश में प्रथम स्थान पर है। चालू अभिलेख पूर्णत: कम्प्यूटरीकृत है जिसे अद्यतन रखने का कार्य रियल टाइम में किया जा रहा है। पुराने अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य निरंतर चल रहा है जिसे डिजिटाइज होते ही उन्हें जनसामान्य को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है।

***वित्तीय वर्ष 20-21 से 22-23 में लगभग 5 करोड़ दस्तावेज डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखा गया हैं एवं अगले तीन वर्षों में यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।***



## भूमि रिकॉर्ड संधारण की सेवाएं

प्रदेश में सभी भूमि रिकॉर्ड डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित हैं, जो नागरिकों को वित्तीय लेनदेन, भूमि रजिस्ट्री, बैंक, पंजीयन और अन्य राजस्व विभाग कार्य में उपयोगी होंगे। नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न सेवा चैनल (यानी आईटी केंद्र, इंटरनेट, एल.एस.के) के माध्यम से भूमि रिकॉर्ड प्रतियां जारी की जा रही हैं।

***अगस्त 2018 से आज तक लगभग 5.43 करोड़ भू-अभिलेखों की सत्यापित प्रतियां ऑनलाइन जारी की गई हैं।***

### सी.एम. सिटीजन केयर

नागरिकों को सुविधा के लिए सी.एम. सिटीजन केयर के माध्यम से आवेदक द्वारा सी.एम. हैल्पलाइन कॉल सेन्टर पर 181 डायल करने के उपरांत चालू खसरा, खतौनी, नक्शा एवं भू-अधिकार पुस्तिका की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदाय की जा रही है।

### स्वामित्व योजना (आबादी सर्वे)

प्रदेश में 5 चरणों में आबादी सर्वेक्षण की अधिसूचना 52 जिलों में लागू हुई हैं जिसमें से हरदा, डिंडोरी, भोपाल एवं शहडोल में आबादी सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण उपरांत अधिकार अभिलेख निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। सीहोर में आबादी सर्वेक्षण का कार्य पूर्णता की ओर है, शेष जिलों में आबादी सर्वेक्षण कार्य जारी है।


***आज की स्थिति में लगभग 50000 ग्रामों में से 39925 का नोटिफिकेशन किया जा चुका है, लगभग 34790 ग्रामों में ड्रोन फ्लाई किया जा चुका है जिसमें से 23890 ग्रामों के नक्शे अपलोड हो चुके है एवं 1403491 भूखंडों का सर्वे कर लिया गया है।***

**तहसीलें भी आधुनिक हुईं:** प्रदेश के 52 जिलों के 349 तहसील स्थित अभिलेखागारों के आधुनिकीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्केनिंग से पूर्ण अभिलेखों को ऑनलाइन किया गया है। नागरिकों के मांगे जाने पर पुराने राजस्व अभिलेखों की नकल निर्धारित शुल्क पर ऑनलाइन एवं सिटीजन सर्विस सेन्टर से उपलब्ध हो रही हैं।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और पीएम किसान सम्मान निधि योजना से सशक्त बन रहे किसान

# अन्नदाता की खुशहाली के लिए उठाए जा रहे कदम

अन्नदाताओं की खुशहाली और बेहतरी के लिए नित नए आयाम स्थापित करता हुआ हमारा मध्यप्रदेश प्रगति का स्वर्णिम इतिहास गढ़ रहा है। देश का हृदयस्थल मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्पित रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं की सुविधाओं के साथ बीमा का लाभ मिलने लगा तो अन्नदाताओं ने भी कृषि उत्पादन में शानदार परिणाम देकर हमारे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।



### मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत अभी तक मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा लगभग 82 लाख से अधिक किसानों को लगभग 6300/- करोड़ से अधिक की राशि का वितरण ऑनलाइन सीधे उनके बैंक खातों में किया गया है। सरकार संकट के समय किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

### पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हितग्रहियों को अब तक कुल 11 किश्तों का भुगतान किया जा चुका हैं। योजना प्रारम्भ से आज तक प्रदेश में 83 लाख से अधिक किसानों को लगभग 15100 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया है।

### किसानों की आय बढ़ने से अब खुले गांवों की समृद्धि के द्वार

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत कृषि, पशुपालन में बुनियादी सुविधाएं, सिंचाई, भण्डारण, वृहद् बाजारों को गांव से जोड़ने के लिए भी उल्लेखनीय जतन किए गए हैं। वैज्ञानिक तरीके से विकास की प्रक्रिया का अनुसरण किए जाने से परंपरागत आय के संसाधनों पर निर्भरता कम होने के फलस्वरूप सकारात्मक परिवर्तन आना शुरू हुए हैं। सूक्ष्म उद्यमशीलता को बढ़ावा, फलदार वृक्षारोपण, व्यावसायिक सब्जी एवं दुग्ध उत्पादन में बढ़त होने से किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। इससे गांवों की समृद्धि के द्वार खुलते जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, विकास के प्रति सामाजिक लामबंदी, विभाग की प्रतिबद्धता, ग्रामीणों में विकास की ललक एवं जज्बे को देखकर कहा जा सकता है कि ग्रामीण परिवेश तेजी से बदल रहा है।

D13208/22